# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026


**तापमान**

अधिकतम 26.8 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री


12 पदोन्नत होकर उपनिरीक्षक बने अधिकारियों...





14 महाराजबंध एसटीपी निर्माण में देर से महापौर...




# सड़क पर ईंट-गिट्टी, गीला-सूखा कचरा में कोताही या अतिक्रमण पर अब ई चालान, महीनेभर में 1200 केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना लोगों को अब महंगा पड़ने लगा है। निगम ने स्वास्थ्य से जुड़ी 13 और नगर निवेश से जुड़ी 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई-चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर ई-चालान भेजना शुरू कर दिया है। पिछले एक माह में करीब 1200 ई-चालान अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में चूक करने पर भेजी गई और संबंधित उपभोक्ता से ई-चालान की राशि वसूल की गई। इनमें सबसे ज्यादा ई-चालान सड़क अवरोध के हैं, इनकी संख्या 478 दर्ज की गई, जबकि गीला और सूखा कचरा की छंटाई नहीं करने पर करीब 250 लोगों को ई-चालान भेजकर जुर्माना किया गया। यही नहीं, मनाही के बाद भी खुले में शौच करते पाए जाने पर 2 लोगों को ई चालान भेजा गया। दरअसल, नगर निगम के एप में बनाए गए ई पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्मान की रकम स्वचालित रूप से तय होकर आ रही है। इस रकम में किसी प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। नगर निवेश से संबंधित सड़क पर भवन निर्माण सामग्री बिखेरना, खुले में मलबा छोड़ना, भवन निर्माण के दौरान ग्रीन नेट न लगाया जाना और संपत्ति विरूपण की स्थिति पर ई-चालान किया जा रहा है। यही नहीं खुले में कचरा फैलाना वाले पर नगर निगम की नजर है इसमें पहले अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई-चालान पैटर्न विकसित किया गया है। यानी जुर्माने के लिए मैनुवल रसीद बंद कर ई-चालान का सिस्टम शुरू किया गया है।

## स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर ई-चालान, नगर निवेश की 4 श्रेणी शामिल

हरिभूमि सरोकार

### ई-चालान किया जा रहा है

स्वास्थ्य की जिन 12 श्रेणियों को ई-चालान के दायरे में रखा गया है उनमें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना, डायपर सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करना, गार्डन वेस्ट का निराकरण नहीं होने की स्थिति और कूड़े को खुले में जलाने या फेंकने संबंधी चूक शामिल है। इस तरह समारोह के दौरान कूड़े को स्थल पर ही छोड़ने पर ई-चालान किया जा रहा है।

### पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान

नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के अलावा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसकी साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई -चालान को भी इसमें जोड़ दिया गया है। इस स्थिति में इस चालान के रकम को भरने में नागरिक देरी करता है तो इसमें सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। इस ई-चालान को लोगों के घरों में लगाए गए डिजिटल डोर नंबर प्लेट के साथ साथ कनेक्ट किया गया है।

### 1 लाख 30 हजार घरों और दुकानों में लगाई गई डिजिटल नंबर प्लेट

रायपुर नगरनिगम द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से सीएसआर मद में शहर के 1 लाख 30 हजार घरों और दुकानों में डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाई गई है। जिसे नगर निगम के एप में बनाए गए ई चालान पोर्टल पर आईडी डालकर कनेक्ट किया गया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### महीनेभर में इस तरह भेजे गए ई-चालान

| सेवाओं की श्रेणी | ई- चालान |
|---|---|
| कचरा सेग्रीगेशन में चूक | 247 |
| हॉटल, रेस्टारेंट में अपशिष्ट संग्रहण | 5 |
| खुले में शौच | 2 |
| सड़क अवरोध | 478 |
| संपति विरूपण | 23 |
| ग्रीन नेट नहीं लगाया | 61 |
| अतिक्रमण | 28 |
| सीएंडडी वेस्ट | 70 |

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** ऑपरेशन निश्चय के तहत 4 जनवरी को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने न्यूराजेन्द्र नगर क्षेत्र में मेडिसाईन हॉस्पिटल के पीछे एक महिला को गांजा के साथ पकड़ा है। उसके कब्जे से एक थैले में रखा 1 किलो 125 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 56 हजार 250 रुपए बताई गई है। पूछताछ में महिला की पहचान प्रिया मरकाम 40 वर्ष निवासी गुरुमुख सिंह नगर कोड़ो बोड़ो बस्ती न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के रूप में की गई। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### दुकान से 30 हजार की चोरी

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराई में एक दुकान में चोरी हो गई। श्रीनगर निवासी सुनील जैन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी डब्ल्यूआरएस कालोनी में दुकान है। कोई अज्ञात चोर 5 जनवरी की रात उसकी दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखे चांदी के सिक्के कीमत 4 हजार एवं दानपेटी में रखी नकदी 26 हजार चोरी कर ले गया।

### ट्रक ने कार को ठोका, केस दर्ज

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने एक ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी विवेक शुक्ला निवासी सदर बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे सरोना चौक के पास वह अपनी कार से जा रहा था, तभी ट्रक के चालक ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मार दी, जिससे कार को नुकसान पहुंचा है।

### वृद्ध से मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना कृष्णा सोसाइटी रोहिणीपुरम की है। प्रार्थी गौरीशंकर गौतम 63 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जनवरी को रात करीब साढ़े आठ बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर आया और जेके शर्मा नामक व्यक्ति के बारे में पूछने लगा। गौरीशंकर ने जब कहा कि वह जिस व्यक्ति का नाम ले रहा है, उसे नहीं जानता है, तो इस बात पर आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्का से मारपीट की और फरार हो गया।

## ऑपरेशन निश्चय : दुकानों से अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीली टेबलेट जब्त

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिंडिकेट का भंडाफोड़ 4 मेडिकल दुकान संचालक सहित एमआर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर पुलिस ने राजधानी में प्रतिबंधित नशीला टेबलेट का कारोबार करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में शामिल चार मेडिकल दुकानों के संचालक तथा एक मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव (एमआर) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत इन मेडिकल दुकानों में छापा मारते हुए अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त किया है। इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी एमआर है, जो प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाता था।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को नशीले टेबलेट का कारोबार करने वाले इस सिंडिकेट का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रायपुर पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत प्रतिबंधित नशीला टेबलेट में लिप्त ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बदलता अपराध, उसी रफ्तार से बदलती पुलिस रणनीति

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश पर संचालित ऑपरेशन निश्चय के लगातार दबाव के कारण अब प्रतिबंधित नशीले टेबलेट के तस्कर एवं सप्लायर अपने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर नए पैटर्न अपना रहे हैं। रायपुर पुलिस द्वारा इंटेलिजेंस-ड्रिवन, एंड-टू-एंड विवेचना और माइक्रो-लेवल सर्विलांस अपनाया जा रहा है।

### ग्राहक बनकर पुलिस ने मेडिकल स्टोर से खरीदी नशीली टेबलेट

इस सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस भी ग्राहक बनकर कुशालपुर स्थित रत्ना मेडिकल स्टोर पहुंची थी। इस पुलिस कर्मी को आम व्यक्ति समझकर मेडिकल स्टोर के संचालक ने उसे बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट की बिक्री कर दी। इसके बाद पुलिस ने इस मेडिकल दुकान में छापा मारते हुए एमआर आनंद के ठिकाने पर दबिश दी, जिसके बाद अन्य मेडिकल दुकानों में छापा मारकर वहां से ▶▶| शेष पेज 13 पर

## ठंड का असर, शहर में दो तो माना में पांच डिग्री लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- दो दिन कंपकपाएगी ठंड, फिर सप्ताहभर होगी कमी

वापस लौटी शुष्क हवा ने चौबीस घंटे में प्रदेश में ठंड का दबदबा कायम कर दिया है। सर्वाधिक असर मध्य इलाके में हुआ है और रायपुर में दो तो माना के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट आई है। अगले दो दिन ठंड का प्रभाव अधिक रहने के बाद सप्ताहभर इसके प्रभाव में कमी आने की संभावना है।

पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कई हिस्सों में ठंड ने अपना जोरदार असर दिखाया है। उत्तरी इलाकों में पारा एक से चार डिग्री होने की वजह से वहां रात में शीतलहर चलने और सुबह धुंध का प्रभाव रहा। रात में कड़ाके की ठंड की वजह दिन की धूप भी कोई खास असर नहीं दिखा पा रहा है। इसी तरह पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद लौटी ठंडी हवा की ज्यादा असर मध्य इलाके में हुआ है। रायपुर, दुर्ग जिलों में तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई है। रवि-सोमवार को लालपुर का न्यूनतम तापमान 14.3 था जो सोम-मंगल की दरम्यानी रात 11 डिग्री तक पहुंच गया। इसी तरह माना में पारा 12.1 से लुढ़ककर 7.0 डिग्री तक पहुंच गया। दुर्ग में 12 डिग्री का पारा 7.4 तक नीचे पहुंच गया। जदलपुर का तापमान ▶▶| शेष पेज 13 पर

# खत्म हुआ मरीजों का इंतजार, आंबेडकर अस्पताल में फिर शुरू हुआ टोटल हिप और नी रिप्लेसमेंट

### जरूरी सामान की सप्लाई बाधित होने से सालभर से बंद था ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जरूरी सामान के अभाव में निजी अस्पताल जाने वाले मरीजों को आंबेडकर अस्पताल में एक बार फिर टोटल हिप रिप्लेसमेंट और टोटल नी (घुटना) रिप्लेसमेंट की सुविधा मिलने लगी है। सालभर से हड्डी रोग विभाग में यह इलाज नहीं होने के कारण मरीज हलाकान होने लगे थे। आवश्यक सामान की आपूर्ति होने के बाद आठ मरीजों को प्रत्यारोपण की सुविधा प्रदान की गई है। शासकीय स्तर पर इस तरह के प्रत्यारोपण की सुविधा केवल आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में मिल रही थी। हर महीने चार मरीजों की सर्जरी के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया जाता था। इस बीच अचानक ऑपरेशन में लगने वाले जरूरी सामान की सप्लाई बाधित हो गई और यह सुविधा ठप पड़ गई थी। आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों के पास इंतजार करने अथवा निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### *परेशानी इसलिए भी बड़ी*

*हिप और नी रिप्लेसमेंट की सुविधा आयुष्मान योजना में शासकीय अस्पतालों में संभव है। करीब 6 साल पहले इस उपचार को निजी अस्पताल के पैकेज से हटा दिया गया था। आंबेडकर अस्पताल में इसका इलाज बंद होने की वजह से मरीजों को निजी अस्पताल में जाकर इस उपचार के लिए डेढ़ से तीन लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते थे। पुनः इसका इलाज शुरू होने के बाद मरीजों का स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निशुल्क इलाज होने लगा है।*

### *पूर्व की भांति सुविधा*

*टोटल हिप रिप्लेसमेंट एवं टोटल नी रिप्लेसमेंट की सुविधा पूर्व की तरह पूरी तरह उपलब्ध है। अत्याधुनिक तकनीक, मानक प्रोटोकॉल एवं अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा यह सर्जरी सुरक्षित रूप से की जा रही है। कुछ दिनों में करीब 8 मरीजों की जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की जा चुकी है।*

*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

## पैनल में प्राचार्य और स्पेशल एजूकेटर भी शामिल

*दूसरे देशों के काउंसिलर भी दे रहे सेवा, 73 प्रशिक्षितों से कर सकेंगे बात*

# साइको-सोशल काउंसिलिंग करेगा सीबीएसई समय व तनाव प्रबंधन के मिलेंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए साइको-सोशल काउंसिलिंग सेवाएं शुरू कर दी हैं। यह पहल बोर्ड परीक्षा 2026 से पहले छात्रों में बढ़ते परीक्षा तनाव और भावनात्मक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। सीबीएसई के अनुसार, यह वार्षिक मुफ्त काउंसलिंग सेवा का पहला चरण है, जो 6 जनवरी से शुरू होकर 1 जून 2026 तक जारी रहेगा। छात्र और अभिभावक इस टेलीकम्युनिकेशन सेवा का लाभ सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ले सकते हैं। यह सेवा शनिवार और रविवार को उपलब्ध ▶▶| शेष पेज 13 पर





### वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं संसाधन

सीबीएसई ने बताया कि तनाव प्रबंधन, प्रभावी अध्ययन रणनीतियों और भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़े चयनित संसाधन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। ये संसाधन छात्रों के लिए सरल, उपयोगी और आसानी से उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि परीक्षा अवधि के दौरान मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बने रह सकें।

### आत्मविश्वास बढ़ाने की पहल

सीबीएसई ने कहा है कि यह पहल छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। बोर्ड के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य परीक्षा से जुड़े तनाव और भावनात्मक समस्याओं को दूर करना है, ताकि छात्र 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली थ्योरी परीक्षाओं का सामना आत्मविश्वास, संतुलन और मानसिक स्पष्टता के साथ कर सकें। छात्र और अभिभावक 1800-118-004 पर कॉल कर 24x7 आईवीआरएस सपोर्ट सिस्टम का भी उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। आईवीआरएस सिस्टम के जरिए छात्रों को तनाव मुक्त तैयारी, समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब और सीबीएसई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है।




## खबर संक्षेप

### मनरेगा आंदोलन को लेकर कल आएंगे पायलट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 8 जनवरी को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। बताया गया है कि राज्य में मनरेगा का नाम बदलने के को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनाने के संबंध में आवश्यक बैठक लेंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने जा रही है। मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरू होगा जो 29 जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फरवरी जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा। 7 से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव होगा। आगे इस पर एआईसीसी स्तर पर रैलियों का आयोजन किया जाएगा। सचिन पायलट यहां पर आंदोलन को लेकर एआईसीसी के निर्देशों के आधार पर रूपरेखा तैयार करने आ रहे हैं।

### गोंडवाना एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा



**रायपुर।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए 12410/12409 निजामुद्दीन-रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस में दिनांक 05 जनवरी से और गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन एक्सप्रेस में दिनांक 07 जनवरी को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### राज्य में जनगणना की तैयारियां तेज, समन्वय समिति की बैठक

**रायपुर।** जनगणना 2027 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आज मुख्य सचिव विकास शील की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना संपादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। बैठक के प्रारंभ में निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय कार्तिकेय गोयल द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, डिजिटल रोडमैप एवं संगठनात्मक ढांचे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जनगणना निदेशक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि भारत की जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा तथा संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन वेब-पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

# ठाकरे परिसर में प्रदेश के मंत्रियों का सहयोग केंद्र ढाई माह से बंद

## सालभर बाद अक्टूबर में प्रारंभ होने के बाद दीपावली से फिर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र के लोगों की मदद करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में चलने वाला मंत्रियों का सहयोग केंद्र एक बार फिर ढाई माह से बंद है। इसके फिर प्रारंभ होने का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन यह कब प्रारंभ होगा, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। करीब सालभर बंद रहने के बाद बीते साल अक्टूबर में प्रारंभ होने के बाद इसी माह दीपावली से पहले यह बंद भी हो गया। इसके बाद से अब तक यह प्रारंभ नहीं हो सका है।

भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के सभी मंत्रियों को बारी-बारी ठाकरे परिसर में बैठक समस्याएं सुनने और इसका समाधान करने के लिए कहा था। ऐसे में सबसे पहले 2024 में इसका प्रारंभ किया गया और मंत्री बैठकर कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने



लगे। एक बार प्रारंभ होने के बाद यह सहयोग केंद्र बंद हुआ तो कार्यकर्ता साल भर तक इसका इंतजार करते रहे। साल भर के इंतजार के बाद बीते साल इसको अक्टूबर में प्रारंभ किया गया तो यह महज दो समाप्त चला और दीपावली को देखते इसको बंद कर दिया गया। दो सप्ताह में मंत्रियों के पास एक हजार से ज्यादा समस्याएं और मांगें आईं। इसमें से आधी समस्याओं का समाधान तत्काल कर दिया गया। जो समस्याएं और मांगें बचीं है, उनको विभागों के पास भेजा गया है।

### कार्यकर्ता कहां जाएं

सहयोग केंद्र के बंद होने के बाद कार्यकर्ता परेशान हैं और कहते हैं कि आखिर हम अपनी और अपने क्षेत्र के लोगों की समस्या लेकर कहां जाएं। भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते क्षेत्र की जनता यह उम्मीद करती है कि उनकी समस्याओं का हम समाधान कराएं क्योंकि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अब सहयोग केंद्र बंद है तो अपनी बात कहां रखने जाएं। जानकारों का कहना है कि छोटे कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगलों तक न होने के कारण ये कार्यकर्ता ही ज्यादा परेशान हैं, लेकिन जिन कार्यकर्ताओं का मंत्रियों के बंगलों मे आना-जाना रहता है, वे अपना समस्याओं का समाधान आसानी से करवा लेते हैं।

## अब भूमि का भी होगा भू-आधार

# बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद नहीं बिकेगी वहां की जमीन

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, राज्य के जिस क्षेत्र में भी बड़ी परियोजनाएं आएंगी, उसकी घोषणा के बाद वहां की जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लग जाएगी। शासन की ओर से कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग हो या फिर दूसरी तरह की योजयाएं, राज्य की हो या केंद्र सरकार की योजना, उसकी घोषणा के बाद जिस क्षेत्र में इस योजना को आना है, वहां की जमीनों की खरीद बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा छत्तीसगढ़ शासन के 2 साल पूरे होने पर संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जमीनों की खरीदी बिक्री, बड़ी परियोजनाओं के बाद प्रतिबंधित रहेगी। बड़ी परियोजनाओं के आने के बाद अक्सर वहां पर जमीनों की खरीद बिक्री, उसके टुकड़े करने और साथ ही उसकी बंदोबस्ती में बदलाव किया जाता है। ऐसा होने से परियोजना, उससे जुड़े किसान और सरकार तीनों को घाटा होता है, इसमें बिचौलिए अपना फायदा कमाते हैं। इसे देखते हुए बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद वहां की जमीन के बंदोबस्ती पूरी तरह का प्रतिबंध रहेगी, जमीन की खरीद बिक्री नहीं होगी।

### जमीन संबंधी विवादों में आएगी कमी

मंत्री ने कहा, जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा जल्द हो इसलिए जमीन के सभी दस्तावेज को सिविल न्यायालय से डिजिटलाइज करते हुए जोड़ दिया गया है। इससे मामले के निपटारे में कोई दिक्कत नही आएगी और निपटारा भी जल्द होगा।



**5 डिसमिल से कम की जमीन नहीं बिकेगी :** मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, सरकार ने भूमि संबंधी विवादों से निपटारे के लिए कई बड़ी योजनाओं को बनाया है। मंत्री ने बताया कि छोटी जमीन जो 5 डिसमिल से कम है, उसकी बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें भी कई तरह के ऐसे काम किए जाते थे, जो सरकार के राजस्व का घाटा करते थे। नए नियम के अनुसार छत्तीसगढ़ जन आवास योजना में दो से लेकर 5 एकड़ की जमीन को टीएनसी के नियम के अनुसार अनुमोदन के बाद प्लाटिंग करके बेचा जा सकता है, जो किसी भूखंड क्षेत्रफल का हो सकता है।

### जारी होगा भू आधार कार्ड

विभाग के कामकाज की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि एग्रीस्टेक के तहत जिओ रिफ्रेशिंग फार्मर रजिस्ट्रेशन, डिजिटल क्रॉप्स सर्वे शुरू किया गया है। साथ ही नक्शे के लिए जियो रेफरेंसिंग के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सरकार सभी जमीनों के लिए भू आधार कार्ड जारी करेगी। उन्होंने कहा, सभी भू नक्शा का जिओ रेफरेंसिंग किया जा रहा है। प्रत्येक भूखंड में यूनिक आइडेंटिटी पिन देते हुए सभी जमीन का भू आधार कार्ड जारी होगा। डीजीपीएस सिस्टम से जमीन सर्वे का काम चल रहा है इससे शहरी इलाके की छोटी से छोटी जमीन का कागज बनेगा।

### हाउसिंग बोर्ड के नाम होगी जमीन

विभाग के कामकाज के सुधारों की बात करते हुए मंत्री ने कहा, पहले हाउसिंग बोर्ड की जमीन सरकार की होती थी। सरकार के नाम जमीन एयर उस पर फ्लैट हाउसिंग बोर्ड बनाता था, जिसके कारण इसके मालिकाना हक को देने में दिक्कत आती थी। उन्होंने बताया कि यदि कोई हाउसिंग बोर्ड में जमीन खरीद लेता है या घर खरीदता है, तो मालिकाना हक नहीं होता था। बोर्ड की जमीन नहीं होने के कारण उस जमीन की बिक्री दूसरे को नहीं की जा सकती थी। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि हाउसिंग बोर्ड के लिए जहां मकान बनेगा, उस स्थान की जमीन भी हाउसिंग बोर्ड के नाम पर ही होगी, ताकि जमीन के ट्रांसफर में किसी तरह की दिक्कत न आए।

### तहसीलदारों को राजस्व अभिलेखों में सुधार का अधिकार

मंत्री ने कहा कि भू-अभिलेख सुधार जल्द इस सुविधा से हो जाएगा। अब राजस्व अभिलेखों में सुधार का अधिकार तहसीलदारों को दिया गया है, इससे बहुत सारे मामलों में जल्द निपटारा होगा। पहले यह अधिकार उप जिलाधिकारी के पास ही होता था। जिसके कारण मामले लंबित रखते थे, ऐसे मामले को बदलकर तहसीलदारों को भी दिए गए हैं, ताकि मामले का निपटारा जल्द से जल्द हो सके। अब किसान पुस्तिका कार्य खत्म होगा, क्योंकि अब कंप्यूटराइज्ड होने के बाद व्यवस्था ऑनलाइन हो जाएगी और ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद इसमें व्यापक सुधार आएगा। जमीनों के विवाद और उससे होने वाली परेशानी को लेकर कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में जो सरकारी जमीनों का आवंटन और रजिस्ट्रेशन किया गया था, उसकी भी जांच कराई जा रही है। उसमें जो भी नियम अनुसार कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

# भाजपा ने निर्वाचन पदाधिकारी को बताया, एसआईआर दावा-आपत्ति में मतदाता हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा, प्रदेश कार्यालय प्रमुख (एसआईआर) मोहन पवार, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई और वैभव वैष्णव बैरागी ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक पत्र सौंपकर एसआईआर प्रक्रिया में हो रहीं अनियमितताओं पर ध्यान आकृष्ट किया है।

डॉ. मिश्रा ने बताया, दावा आपत्ति केंद्रों में नियुक्त बीएलओ उपलब्ध नहीं रहते और न ही बीएलओ घर-घर जाकर प्राप्त दावा-आपत्ति का सत्यापन कर रहे हैं। इस कारण प्राप्त दावा आपत्ति का समुचित निराकरण नहीं हो रहा है तथा दावा आपत्ति निराधार रूप से खारिज की जा रही है। इस कारण पात्र मतदाताओं का नाम जुड़ नहीं पा रहा है तथा अपात्र मतदाताओं का नाम नहीं कट पा रहा है। इसी प्रकार दावा आपत्ति केंद्रों में बीएलओ के पास फॉर्म 6, 7 एवं 8 उपलब्ध नहीं हैं जिससे मतदाता दावा-आपत्ति के अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

पत्र में बताया गया, इस विषय में जब ईआरओ अथवा जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिला कलेक्टरों) को शिकायत की जाती है तो उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। भाजपा नेताओं ने इन अनियमितताओं का निराकरण किए जाने हेतु ईआरओ जिला निर्वाचन अधिकारी तथा बीएलओ को समुचित निर्देश जारी करने की मांग की है।

# ठोकने बोले- भाजपा नाम बदलने की राजनीति नहीं करती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा नाम बदलने की राजनीति नहीं करती, अपितु राष्ट्र नीति पर काम करती है। बघेल को यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि जिस 'मनरेगा' का नाम कथित तौर पर बदलने पर उन्होंने और उनकी कांग्रेस पार्टी ने इन दिनों आसमान सिर पर उठाया हुआ है, कांग्रेस ने स्वयं भी अनेक बार रोजगार गारंटी योजना के संदर्भ में भी नाम बदलने का काम किया है।



श्री ठोकने ने कहा, योजनाओं के नाम बदलने में राजनीतिक निर्लज्जता की पराकाष्ठा का प्रदर्शन कर चुके बघेल आज किस मुंह से मनरेगा के नाम पर घड़ियाली प्रलाप कर रहे हैं। श्री ठोकने ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को याद दिलाया कि उनकी सरकार ने 11 फरवरी, 2019 को एक साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर चल रहीं योजनाओं का नाम उनकी पुण्यतिथि के दिन ही बदलकर उसे नेहरू खानदान के नामों पर रख दिया था। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलम्बन योजना और पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केन्द्र योजना को राजीव गांधी के नाम पर तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय एलईडी पथ प्रकाश योजना और पं. दीनदयाल उपाध्याय शुद्ध पेयजल योजना को इंदिरा प्रियदर्शिनी के नाम पर कर दिया गया था। श्री ठोकने ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सभी योजनाओं को एक ही खानदान के लोगों के ही नाम पर संचालित किया। एक परिवार की चाटुकारिता ही कांग्रेस नेताओं की कुलजमा राजनीतिक हैसियत का मापदण्ड है। भाजपा ने देश के उन महापुरुषों के गौरव को पुनर्स्थापित किया, जिसे कांग्रेस ने अनदेखा किया था।

# पदोन्नत होकर उपनिरीक्षक बने अधिकारियों के कंधों पर लगे स्टार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने मंगलवार को सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। नववर्ष पर 8 सहायक उपनिरीक्षकों को उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

इन सभी पुलिस अधिकारियों के लिए सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान एसएसपी ने लाल उमेद सिंह ने पदोन्त हुए अतुलेश राय, झाम सिंह राजपूत, देव कुमार वर्मा, दीपक कुमार साहू, हरीशचंद्र द्विवेदी, राजेंद्र प्रसाद गौतम, राधेश्याम सोनबेर (साहू) एवं चंद्रिका प्रसाद साहू के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया और शुभकामनाएं देते हुए सभी को नवीन पद के साथ प्राप्त दायित्वों एवं कर्तव्यों का और अधिक निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं पदोन्नत अधिकारियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

# रायपुर में हो रही पेड़ों की कटाई पर खड़े किए विधायक मूणत ने सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में हो रही पेड़ों की कटाई को लेकर रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सवाल खड़ा किया है। अपने सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर इस मामले को उठाते हुए श्री मूणत ने उन अधिकारी का पत्र भी वायरल किया है, जिन्होंने पेड़ काटने की अनुमति दी है। इसी के साथ कटे हुए पेड़ों की फोटो भी वायरल की है।



■ सोशल मीडिया पर नाराजगी जताते हुए अधिकारी का दिया आदेश किया वायरल

राजधानी रायपुर में लगातार पेड़ों के काटे जाने की बात सामने आती है। ज्यादातर मामलों में इसके लिए बिना अनुमति के ही पेड़ों को काट दिया जाता है। कभी किसी काम के नाम से तो कभी किसी और काम के नाम से पेड़ काट दिए जाते हैं। पेड़ों के कटने से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता भी जताई जाती है, लेकिन इसके बाद भी लगातार पेड़ों की कटाई हो रही है। पेड़ों को काटने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन अनुमति के बिना ही लोग अपनी मर्जी से पड़ों की बेदर्दी से कटाई करवा रहे हैं।

### विधायक की पर्यावरण के प्रति चिंता

पेड़ों की लगातार हो रही कटाई को लेकर जन प्रतिनिधि भी सामने नहीं आते हैं, लेकिन विधायक और पूर्व आवास पर्यावरण मंत्री राजेश मूणत ने इस बात को लेकर अपनी चिंता सामने रखी है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज में रायपुर में हो रही पेड़ों की कटाई की फोटो के साथ इसके लिए दिए गए आदेश की प्रति भी वायरल की है। वायरल आदेश में रायपुर के अनुविभागीय अधिकारी का एक पत्र है, उसमें उन्होंने शैलेंद्र नगर के ओम प्रकाश चंदवानी और मोहल्लावासियों को पेड़ काटने की अनुमति दी है। इस अनुमति में लिखा गया है, सात नग छातिम के बृक्षों को काटने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। राजस्व और वन विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण करने का प्रविवेदन प्राप्त हुआ है। इसमें बताया गया है पेड़ काफी पुराने हैं और सूख चुके हैं। अतः इन पेड़ों को काटने कई अनुमति दी जाती है।

### पेड़ काटने की अनुमति देना ठीक नहीं

किसी के मकान के लिए इस तरह से पेड़ काटने की अनुमति देना ठीक नहीं है। सब पर्यावरण की चिंता कर रहे हैं और एक तरफ बड़ी संख्या में पेड़ लगाए जा रहे हैं और दूसरी तरफ इस तरह से अधिकारी पेड़ काटने की अनुमति दे रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

\- राजेश मूणत
विधायक, रायपुर पश्चिम


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य परिवर्तित भूमि वाके मौजा पण्डरीतराई, प.ह.नं. 109, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. नगर निगम सीमा के अंतर्गत स्थित भूमि एवं मकान जिसका शीट नम्बर-4, प्लाट नम्बर 3/6 का भाग खसरा नम्बर 146/41 का भाग रकबा 750 वर्गफुट जिसमें भूतल एवं प्रथम तल पर 750 वर्गफुट में मकान निर्मित है, को विक्रय करने का सौदा क्रेता/हाजी शेख नुरूद्दीन, पिता-मून्तजिमुद्दीन, निवासी-म.नं. 39/328, डबरी मजार के पास, नयापारा, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. से बिक्री इकरारनामा दिनांक 21/04/2025 को निष्पादित किया था, जिसके लिए मेरे द्वारा बयाना राशि भी प्राप्त किया गया था, जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा बिक्री इकरारनामा की म्याद तारीख समाप्त हो जाने तथा क्रेता हाजी शेख नुरुद्दीन का किसी भी प्रकार से रूचि नही लिए जाने के कारण मेरे द्वारा किये गये उक्त बिक्री इकरारनामा को निरस्त किया जाता है तथा मेरे द्वारा हाजी शेख मुरुद्दीन से प्राप्त संपूर्ण बयाना राशि उसे प्रदान कर दिया है। इस प्रकार अब मेरे उपरोक्त संपत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी संव्यवहार हाजी शेख नुरूद्दीन से शेष नही है। इस आम सूचना प्रकाशन के पश्चात मैं अपने उपरोक्त स्वामित्व की संपत्ति को अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था आदि को विक्रय करने व किसी भी तरह से अंतरण करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र हूँ।

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 06-01-2026

भवदीय
अरमान खान, छगन साहू
(अधिवक्तागण)
पता-मोवा मस्जिद के पास,.
विधानसभा रोड, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9329110837,
7898061666

**आम सूचना**

**वाके मौजा गोढ़ी (4402030), प.ह.न.-00016 रा.नि.म. मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला - रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 177/1 कुल रकबा 0.3903 हेक्ट. भूमि में से रकबा 0.236 हेक्ट, भूमि को क्रय करने हेतु आम सूचना प्रकाशित किये जाने के संबंध में**

एतत् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री राधेश्याम चांडक पिता श्री ईश्वर लाल निवासी महेश नगर, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग, छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि **ग्राम गोढ़ी (4402030), प.ह.न. -00016, रा.नि.म. मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 177/1 कुल रकबा 0.3903 हेक्ट. भूमि में से रकबा 0236 हेक्ट,** भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करना चाहते है जिसका पक्का सौदा मेरे पक्षकार के साथ हो चुका है तथा रजिस्ट्री कार्य शेष है।

उक्त विक्रय किये जाने संबंधित किसी व्यक्ति /संस्था / फर्म /सोसायटी / शासकीय/ अर्द्धशासकीय अथवा किसी पारिवारिक सदस्य को किसी भी प्रकार की हक दावा आपत्ति हो तो मेरे अधोलिखित पते पर 07 दिवसों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपना हक दावा आपत्ति आदि प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा विधि अनुसार शुन्यकरणी मानी जायेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जायेगा। अतः सूचना जाने।

स्थान- रायपुर, छ.ग.
दिनांकः- 06.01.2026

भवदीय
उत्तम कुमार सतपथी अधिवक्ता
मो.- 9993241006

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 05/01/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक विशाल मारकंडे पिता कसेर मारकंडे नि. माना बस्ती रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1512/9=0.267 हे., 1512/2=0.421 हे., 1515/1=0.590 हे. कुल रकबा क्र. 1.278 हे. का सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.... अ-12 वर्ष 2025/26 आदेश दिनांक 08/12/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 21/01/2026 को समय 11.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**नाम संबंधित शपथपत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं रविन्द्र दत्त शर्मा उम्र 59 वर्ष, पिता-स्व. श्री आई.डी. शर्मा निवासी- टी - 19, सेक्टर 02, अवंति विहार, रायपुर,छ.ग. का निवासी जो कि निम्नन कथन पूर्वक शपथ करता हूं कि- यह कि मेरा नाम मेरे बच्चों के आधार कार्ड पैन कार्ड आदि दस्तावेज में मेरा नाम RAVINDRA DATT SHARMA दर्ज हैं जो कि सत्य व सही हैं। यह कि मेरे बच्चों के मार्कशीट में मेरा नाम RAVINDRA SHARMA दर्ज हैं कि त्रुटि वश दर्ज किया गया हैं, यह कि जो मेरे बच्चों के आधार कार्ड तथा पैन में नाम RAVINDRA DATT SHARMA दर्ज हैं यह सत्य व सही हैं, यह कि उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं जो मैं स्वयं हूं इस संदर्भ में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं जिस हेतु नियम व शर्ते मान्य हैं। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आती हैं तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

रविन्द्र दत्त शर्मा
निवासी- टी - 19, सेक्टर 02,
अवंति विहार, रायपुर, छ.ग.
शपथकर्ता


# एसआईआर में दावा आपत्ति सुनवाई की समय सीमा बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में दावा आपत्ति, सुनवाई और वेरिफिकेशन की समय सीमा 6 माह बढ़ाई जाए। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस आशय की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि कि मतदाता सूची की शुद्धता के नाम पर चल रही प्रक्रिया में जमीनी स्तर पर चल भारी गड़बड़ी है। हजारों पात्र और स्थायी नागरिकों के नाम बिना कारण, बिना सूचना और सुनवाई के मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जो नागरिकों के संवैधानिक अधिकार पर हमला है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में



27 लाख्या 34 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, इस पर आम आदमी पार्टी को ऐतराज है। प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी विंग विजय कुमार झा ने कहा प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अब 2 लाख 74 हजार से ज्यादा लोगों ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने फार्म भरा है। राज्य में 7 नवंबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया मात्र 45 दिन चली, जबकि इसे कम से कम 6 माह करना था। पत्रकार वार्ता में संतोष कुशवाहा, मिहिर कुर्मी, अनुषा जोसेफ, इमरान खान उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने किया बाजार शेड का लोकार्पण

**आरंग।** ग्राम गौरभाट में विधायक मद से 10 लाख रुपये की राशि से निर्मित बाजार शेड का लोकार्पण किया गया। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के लिए 5 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले भवन का भूमि पूजन किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरभाट एवं सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया तथा शिशु मंदिर परिवार के लिए 20 हजार रुपये की स्वेच्छा अनुदान राशि की घोषणा भी की गई। विधायक इंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में गांव के विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को अपनी प्रथम प्राथमिकता बताया। इस मौके पर आरंग जनपद उपाध्यक्ष रिंकू चंद्राकर, जनपद सदस्य कृष्णकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष तोषण साहू, सरपंच टूमनलाल यादव, उपसरपंच सरस्वती साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हरिश्चंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य सावंत साहू, पंचगण एवं पंचायत सचिव अरुण ध्रुव उपस्थित थे।

### राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव, समिति ने सीएम से की मुलाकात



**आरंग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय महानदी भवन में राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव 2026 समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं टंकराम वर्मा को भी आमंत्रित किया। सभी अतिथियों ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आरंग की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत की सराहना की और महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षदगण नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, आरंग भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, महामंत्री अशोक चंद्राकर, राकेश सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के. के. भारद्वाज, चंद्रशेखर साहू, गणेशराम साहू, दूजेराम धीवर एवं गोविंद वर्मा उपस्थित थे।

### एकता सतनामी महिला समिति ने सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई

**आरंग।** एकता सतनामी महिला समिति, आरंग के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती मिनीमाता स्मृति भवन, अकोली रोड, आरंग में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माताजी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धापूर्वक नमन के साथ किया गया। समिति की संरक्षक संगीता पाटले ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित बुद्धिजीवी डीपी बंजारे ने अपने उद्बोधन में सावित्रीबाई फुले के जन्म से लेकर अंतिम समय तक के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक एवं कवयित्री थीं, जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा तथा सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया तथा विधवा पुनर्विवाह और बाल विवाह विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे वे महिला सशक्तिकरण की प्रतीक बनीं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र टंडन ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले की शिक्षा और समानता की विरासत आज भी समाज को प्रेरणा देती है, तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

विरोध : सासाहोली में विकल्प के बावजूद शहर के भीतर ओवरब्रिज थोपने का विरोध

# तिल्दा की दशकों पुरानी मांग अनसुनी ओवरब्रिज के विरोध में उतरे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

**खास बातें**

- एम्बुलेंस और ट्रैफिक जाम की समस्या का हवाला देकर मांगा बायपास
- अंडरब्रिज और बायपास के लिए कलेक्टर से गुहार





तिल्दा-जोता मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज का विरोध अब एक बड़े जनांदोलन का रूप ले चुका है। शुरुआत में केवल तिल्दा बस्ती और शिक्षक कॉलोनी के निवासियों तक सीमित यह विरोध अब व्यापारियों और आम शहरवासियों के बीच फैल गया है। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कलेक्टर से मुलाकात कर प्रस्तावित ओवरब्रिज को निरस्त करने और 'बायपास रोड' व 'अंडरब्रिज' बनाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने किया, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शहरवासियों का तर्क है कि जोता फाटक से महज 300 मीटर की दूरी पर सासाहोली में पहले से ही ओवरब्रिज और अंडरब्रिज मौजूद है।

उद्योगों के कारण भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर पहले ही अधिक है। ओवरब्रिज बनने से भारी वाहन शहर के बीचों-बीच से गुजरेंगे, जिससे जाम और प्रदूषण की समस्या और विकराल हो जाएगी। ओवरब्रिज के निर्माण के लिए कई लोगों के मकानों को तोड़ने का नोटिस दिया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है।

### दशकों पुरानी बायपास की मांग

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने जोर देकर कहा कि तिल्दा शहर को ओवरब्रिज की नहीं, बल्कि एक नए बायपास रोड की आवश्यकता है। पिछले एक दशक से शहरवासी बायपास की मांग कर रहे हैं ताकि भारी वाहनों को शहर के बाहर से ही निकाला जा सके। इससे तिल्दा शहर का विकास होगा और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।

### गडकरी से गुहार और रेल रोको की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं और तिल्दा के व्यापारियों ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी बायपास निर्माण का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ओम ठाकुर, जितेंद्र सेन, कृष्णा मूर्ति, सनद सेन, अजितेश शर्मा और कमलेश वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने ओवरब्रिज की योजना को निरस्त कर अंडरब्रिज और बायपास को स्वीकृति नहीं दी, तो आने वाले दिनों में धरना-प्रदर्शन और रेल रोको जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# यदि घर में राम चाहिए, तो पहले माता को कौशल्या बनना पड़ेगा : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रूपनारायण सिन्हा का ग्राम केन्द्री में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम नायकबांधा में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने समाज, संस्कार और मातृशक्ति की भूमिका पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि प्रकृति ने माताओं को सृजन की वो शक्ति दी है जो पुरुषों के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा, अगर आप अपने बच्चों को छत्रपति शिवाजी महाराज या महाराणा प्रताप बनाना चाहती हैं, तो यह माताओं को तय करना होगा। यदि घर में 'राम' चाहिए, तो पहले माता को 'कौशल्या' बनना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू सभा का उद्देश्य किसी राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करना नहीं, बल्कि समाज में शांति, संस्कार और शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। यह सभा सभी वर्गों, जातियों और विचारधाराओं को साथ लेकर चलेगी। रामायण, गीता और महाभारत को केवल घर में रखना काफी नहीं है, बल्कि इनके आदर्शों को जीवन के आचरण में उतारना जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि /"सत्य बोलें और पराई स्त्री को माता के स्वरूप में देखें।

### पर्यावरण और छत्तीसगढ़ की गौरवशाली माटी

सिन्हा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर प्राणवायु देने वाली प्रकृति की रक्षा हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि यहाँ की मिट्टी भगवान राम के नाम (ननिहाल) से जुड़ी है। उन्होंने माताओं की धार्मिक भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब हमारा गांव और प्रदेश स्वर्ग बनेगा, वही वास्तविक राम और कृष्ण की सेवा होगी। इस अवसर पर साहू समाज तहसील उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, युवराज सिन्हा, जितेंद्र बंजारे, सरपंच भारती साहू, प्राचार्य रूपचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और मातृशक्ति उपस्थित रही। केन्द्री पहुंचने पर विभिन्न समाज के पदाधिकारियों ने सिन्हा का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने पर बधाई दी।



# किसान का हित हमारे लिए सर्वोपरि : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- विधायक अनुज शर्मा ने बंगोली धान केंद्र में मारा छापा

क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा इन दिनों क्षेत्र की समस्याओं और शासकीय व्यवस्थाओं को लेकर बेहद सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने धरसींवा विधानसभा के बंगोली धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक के अचानक केंद्र पहुंचने से वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने केंद्र में किसानों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने के लिए छाया, नमी मापक यंत्र और तौल मशीनों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र में धान के ऊंचे ढेर और खुले में रखे अनाज को देखकर विधायक ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम के बदलते मिजाज और बेमौसम बारिश की आशंका को देखते हुए खरीदे गए धान की सुरक्षा के लिए तत्काल तिरपाल से कैपिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने धान के उठाव में तेजी लाने की बात कही ताकि केंद्र में जगह की कमी न हो और नए आने वाले किसानों को अपनी उपज रखने में कोई असुविधा न हो। विधायक ने मौके पर मौजूद समिति प्रबंधकों और नोडल अधिकारियों को स्पष्ट लहजे में हिदायत दी कि धान बेचने आए किसी भी किसान को टोकन या तौल के नाम पर अनावश्यक परेशान न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि धान की तौल बिना किसी देरी के पारदर्शी तरीके से की जाए ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। विधायक ने अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी कि किसानों के अनाज की सुरक्षा और सम्मान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक अनुज शर्मा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और किसान-हितैषी सोच को प्रमुखता से रखा। उन्होंने अत्यंत सकारात्मक लहजे में कहा कि हमारी प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह समर्पित है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम किसान के एक-एक दाने की खरीदी करने के अपने संकल्प पर अडिग हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज प्रदेश का किसान खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है क्योंकि सरकार की नीतियों के केंद्र में स्वयं अन्नदाता है। विधायक ने विश्वास दिलाया कि किसान का हित हमारे लिए सर्वोपरि है और खरीदी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल दफ्तरों तक सीमित न रहें बल्कि मैदान पर मुस्तैद रहकर काम करें।

# एफएलएन प्रशिक्षण में 90 शिक्षक सीख रहे शिक्षण की बारीकियां



**आरंग।** शासकीय उत्कृष्ट अरुंधती विद्यालय, आरंग के शैक्षिक हॉल में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) के अंतर्गत द्वितीय चरण की पांच दिवसीय कार्यशाला में क्षेत्र के 90 प्राथमिक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की है।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि एफएलएन का उद्देश्य है कि हर बच्चा बुनियादी पढ़ना-लिखना एवं गणित हल करने की क्षमता हासिल कर सके। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि जैसे मजबूत इमारत के लिए नींव का होना जरूरी है, वैसे ही बेहतर शिक्षा परिणाम के लिए एफएलएन आवश्यक है। उन्होंने नवाचार गतिविधियों का निरीक्षण भी किया। विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण शिक्षकों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है तथा इससे बच्चों के विद्यालय छोड़ने की दर में कमी आती है और बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव बढ़ता है। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र नवीन पाठ्य पुस्तकों के प्रभावी उपयोग, भाषा विकास एवं गणितीय कौशल पर रहा। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षकों ने बताया कि कैसे खेल-खेल में बच्चों को कठिन अवधारणाएं समझाई जा सकती हैं।

केवल व्याख्यान ही नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने स्वयं कई शैक्षणिक शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी गतिविधियों ने उनकी जागरूकता एवं विषय के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। प्रशिक्षण में नवीन सत्र के लिए शिक्षण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक होरीलाल पटेल, दीपक दुबे, सुमन चतुर्वेदी, गिरीश कुमार, मुकेश साहू, आनंद शर्मा सहित सभी 90 शिक्षकों की सहभागिता रही।

# मानस संगठन द्वारा हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**आरंग।** मंगलवार को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन, आरंग के तत्वावधान में श्री नारायणबन हनुमान मंदिर, महामाया तालाब के पास सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं हवन-पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। कार्यक्रम में मानस लोधी, हिरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, संतोष लाला लोधी, धनऊ धुरंधर, विनोद गुप्ता गुरुजी, ओंकार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण हनुमान भक्ति से गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर पाठ में सहभागी बने।

## पेज 11 के शेष...

### 1 लाख 30 हजार घरों और...

स्पॉट की फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाएगी। इसके लिए निगम के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिंडिकेट का भंडाफोड़...

अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए सप्लायर चेन सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में 4 मेडिकल दुकान रत्ना मेडिकल स्टोर कुशालपुर पुरानी बस्ती, काव्या मेडिकोज टिकरापारा, प्यारी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर भनपुरी खमतराई एवं भरोसा मेडिकल स्टोर सांकरा धरसींवा में छापा मारकर यहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। इन मेडिकल स्टोर के संचालकों कान्हा कृष्ण कश्यप उर्फ सूरज 31 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी, धीमन मजूमदार 31 वर्ष निवासी कृष्णा नगर रायपुर, राहुल वर्मा 26 वर्ष निवासी डीआरएम ऑफिस के पास जागृति नगर खमतराई तथा मोहम्मद अकबर 29 वर्ष निवासी बाजार चौक सांकरा धरसींवा को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

**मेडिकल दुकानें सील लाइसेंस भी होंगे निरस्त:** मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री के मामले में सभी मेडिकल दुकानों को सील कर दिया गया है। वहीं इन दुकानों के संचालकों का मिला लाइसेंस भी निरस्त किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जिस कोरियर कंपनी और बसों के माध्यम से इस नशीले टेबलेट का परिवहन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने की तैयारी में है।

**एमआर करता था मेडिकल दुकानों में नशीली दवाइयों की सप्लाई:** पुलिस अफसरों के अनुसार इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी एमआर आनंद शर्मा 45 वर्ष है। आनंद ही प्रतिबंधित टेबलेट को ऑर्डर देकर जबलपुर से मंगाया करता था। ये नशीली दवाइयां कभी कोरियर से तो कभी बस ट्रासंपोर्टिंग के माध्यम से वह मंगाता था। इसके बाद वह इन नशीली दवाइयों को मेडिकल दुकानों में डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

### ग्राहक बनकर पुलिस ने मेडिकल स्टोर...

प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ करने पर उसने उक्त टेबलेट को आनंद शर्मा से लाना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आनंद शर्मा की पतासाजी करते हुये उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसके कब्जे से मकान में रखे प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जप्त किया गया। पूछताछ में आनंद शर्मा ने स्वयं को एमआर (मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव) होना बताने के साथ ही प्रतिबंधित नशीले टेबलेट को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाना बताया। कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से चारपहिया टाटा सफारी वाहन एवं 5 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इस तरह नशीली दवाइयां, वाहन एवं मोबाइल की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पुरानी बस्ती थाना में धारा 21(सी), 29 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ठंड का असर, शहर में दो तो...

12.9 से 10.5 हो गया। अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है उसके बाद न्यूनतम तापमान में 15 जनवरी तक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने संभावना जताई है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है उसके बाद 15 जनवरी तक वृद्धि होने की संभावना है, इससे ठंड के प्रभाव में भी कमी आने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा दो दिन के लिए कई इलाकों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है।

### खत्म हुआ मरीजों का इंतजार...

अलावा कोई चारा नहीं था। अस्पताल प्रबंधन के लगातार प्रयास के बाद समस्या का समाधान हुआ और नए साल से प्रत्यारोपण संबंधी उपचार की पुनः शुरुआत की गई है। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरके दास के बताया कि गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना या लंबे समय से जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए यह सर्जरी लाभकारी साबित हो रही है। सर्जरी के बाद मरीज सामान्य जीवन की ओर तेजी से लौट पा रहे हैं। व्यवस्था सामान्य होने के बाद अस्थि रोग विभाग के डाक्टरों ने आठ मरीजों को राहत प्रदान की है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्यतः उम्रदराज लोगों को, सड़क हादसे अथवा सिकलसेल सहित अन्य जेनेटिक बीमारी वाले मरीजों को हिप अथवा नी रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ती थी। बदलते वक्त के बाद कम उम्र के लोगों को भी इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन सर्जरी के माध्यम से मरीजों को लम्बे समय से चले आ रहे असहनीय दर्द से स्थायी राहत मिलती है तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

### साइको-सोशल काउंसिलिंग करेगा सीबीएसई...

नहीं रहेगी। इस काउंसलिंग सेवा के माध्यम से छात्र और अभिभावक 73 प्रशिक्षित विशेषज्ञों से बातचीत कर सकते हैं। इस पैनल में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपल, काउंसलर, स्पेशल एजूकेटर और योग्य मनोवैज्ञानिक शामिल हैं। इनमें से 63 काउंसलर भारत में स्थित हैं, जबकि 12 काउंसलर नेपाल, जापान, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात से सेवाएं दे रहे हैं।

अभनपुर में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन उत्सव

# प्रभु की हर लीला में छिपा है लोक कल्याण संदेश : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथावाचक पंडित प्रेम किशोर शर्मा ने भगवान के दिव्य चरित्र का बखान करते हुए बताया कि प्रभु की हर लीला में लोक कल्याण और अधर्म के नाश का संदेश छिपा है।

कथावाचक पंडित प्रेम किशोर शर्मा ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने बचपन में ही पूतना, शकटासुर और तृणावर्त जैसे भयानक असुरों का संहार कर ब्रज की रक्षा की। माता यशोदा के वात्सल्य प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रभु ने अपना मुख खोला, तो यशोदा मैया को पूरे ब्रह्मांड के दर्शन हो गए। इसके साथ ही कालिया नाग मर्दन की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि कैसे प्रभु ने यमुना को विषमुक्त कर ब्रजवासियों को भयमुक्त किया। कथा के मुख्य प्रसंग 'गोवर्धन धारण' पर प्रकाश डालते हुए पंडित जी ने कहा कि जब देवराज इंद्र को अपनी शक्ति का अहंकार हो गया, तब भगवान ने अपनी छोटी उंगली पर गिरिराज पर्वत को उठाकर भारी वर्षा से ब्रज की रक्षा की। इंद्र का अभिमान चूर-चूर हुआ और तभी से गोवर्धन पूजा तथा 'गो-पालन' की परंपरा शुरू हुई।

### भजन की धुन पर झूमे भक्त मटका फोड़ का आनंद

*माखन चोरी प्रसंग के दौरान कथा पंडाल का दृश्य गोकुल जैसा हो गया। मधुर संगीत और भजनों के बीच कृष्ण और ग्वाल-बालों की टोली ने मटका फोड़ लीला का मंचन किया। भक्त श्रोतागण भक्ति में डूबकर नृत्य करने लगे और पूरे वातावरण में 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे गूंज उठे। आज की कथा में विशेष रूप से रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कथा आयोजक नारायण सोनी के निवास पहुंचकर कथा श्रवण किया और व्यासपीठ से पंडित प्रेम किशोर शर्मा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

# शिविर में 54 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण और प्रमाणपत्रों का किया वितरण



**आरंग।** मंगलवार को विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र आरंग में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं द्वितीय चरण का आकलन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सभी हितग्राही बच्चों का पंजीयन पश्चात जिला चिकित्सालय रायपुर के ईएनटी, अस्थिरोग, नेत्ररोग, मनोरोग, शिशुरोग, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग के चिकित्सक दल द्वारा 54 बच्चों की जांच की गई। जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले 08 बच्चों का प्रमाण पत्र, 12 बच्चों के यूडीआईडी बनाए गए तथा 08 बच्चों को विशेष चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा, लो विजन विशेष जांच, सिकलसेल विशेष जांच, बेरा टेस्ट, ऑटिज्म परीक्षण एवं अन्य उपचार संबंधी जांच हेतु जिला अस्पताल रायपुर रिफर किया गया। साथ ही श्रवण, दृष्टि एवं अस्थिबाधित बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार विशेष सहायक उपकरण जैसे लर्निंग किट, बैसाखी, श्रवण यंत्र, फोनिक यंत्र, छड़ी आदि प्रदान किए गए। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं बीआरसी सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन द्वारा शिविर का अवलोकन किया गया। समग्र शिक्षा के जिला एपीसी माया वर्मा ने टेलीफोनिक माध्यम से शिविर की जानकारी ली। शिविर को संपन्न कराने में संकुल समन्वयक राजेश लाल, रोशन चंद्राकर, दीपक दुबे, सुनील पटेल, अमित अग्रवाल, शिक्षक उदय राम साहू, स्पेशल एजुकेटर लोकेश कुमार साहू, बीआरपी श्रवण साहू, फिजियोथैरेपिस्ट प्रतिभा, उषा नेताम, रूपेंद्र साहू, अरविंद पटेल, मोनेश्वरी साहू तथा अमर ज्योति दिव्यांग कल्याण संघ आरंग से बंशी साहू, जनक लोधी आदि की विशेष सहभागिता रही।

## हीरापुर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**रायपुर।** हीरापुर यदुवंशी चौक स्थित वामनराव लाखे उच्चतर माध्यमिक शाला, एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल में 7 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी प्रबंध समिति के सचिव अनिल तिवारी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला बाल विकास आयोग के अध्यक्ष वर्णिका शर्मा करेंगी। कार्यक्रम में स्कूल स्टॉफ और विद्यार्थी शामिल होंगे।

# खाद्यान्न का समय पर वितरण नहीं, शिकायत-जांच के बाद डूंडा की राशन दुकान सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के डूंडा में संचालित उचित मूल्य की दुकान को खाद्य विभाग ने निलंबित कर दिया है। इस दुकान के विरुद्ध खाद्य विभाग से लेकर क्षेत्र के विधायक मोतीलाल साहू से भी शिकायत की गई थी। इसके आधार पर विभाग ने इस दुकान की जांच कराई, जिस पर शिकायत सही पाई गई। इसके बाद खाद्य अधिकारी ने इस दुकान को न केवल निलंबित किया, बल्कि इस क्षेत्र के हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे देखते हुए इस दुकान को दूसरे समूह में अटैच कर दिया है।

खाद्य विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डूंडा में संचालित उचित मूल्य दुकान आईडी 442001066 के विरुद्ध लगातार शिकायत मिल रही थी कि इस दुकान को संचालित करने वाले समूह तिरुपति बालाजी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा खाद्यान्न वितरण करने में लापरवाही बरती जा रही है। चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण समय पर नहीं किया जा रहा था, जिसके कारण हर महीने बड़ी संख्या में हितग्राहियों को दुकान से बैरंग लौटना पड़ता था। विभागीय अफसरों के अनुसार इस दुकान संचालक के विरुद्ध लगातार शिकायतें मिलने के बाद संचालक को दिशा-निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी खाद्यान्न वितरण में उसके द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। इधर इस मामले की शिकायत विधायक मोतीलाल साहू से भी की गई थी। विभाग ने इस तरह इन शिकायतों के आधार पर दुकान की जांच कराई जो सही पाई गई।

### मामले की शिकायत विधायक मोतीलाल साहू से भी की गई थी




### निलंबित कर दूसरे समूह में अटैच

दुकान को निलंबित करने की कार्रवाई करते हुए विभाग ने इस दुकान को आगामी आदेश तक जय अम्बे प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार आईडी 441001095 में अटैच किया है। इस तरह आगामी आदेश तक इस दुकान को जय अम्बे समूह संचालित करेगा।

## निधन

### तुलसीदास कस्तूरिया



**रायपुर।** श्रीजी वृंदावन कॉलोनी अमलीडीह निवासी तुलसीदास कस्तूरिया का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नानकराम कस्तूरिया के भाई और सुरेन्द्र, पवन, रोशन, राज कुमार, अनिल, गुलशन, करण, कपिल, ऋषि, पियूष हबलानी के मामा थे।

### भीषम राज सूर्यवंशी



**रायपुर।** आनंद निकेतन कॉलोनी अवंती विहार निवासी भीषम राज सूर्यवंशी (54) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोहर लाल, लेखराज, शंकर राज, तरुण राज सूर्यवंशी के भाई और डॉ. करण राज सूर्यवंशी के पिता थे।

### दुलारी बाई द्विवेदी



**रायपुर।** गुढ़ियारी निवासी दुलारी बाई द्विवेदी बेंद्री वाले (90) का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को सुबह 10 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. दीनबंधु द्विवेदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी और मेकाहारा पीडब्लूडी के एसडीओ केशव कुमार शर्मा की माता थीं।

# खारुन तट पर 16 करोड़ की लागत से बनेगा सौ बेड का सिविल अस्पताल

## 2 लाख की आबादी का संभव होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- **बजट में हुई थी घोषणा, आठ एकड़ जमीन में बनेगा हास्पिटल, वर्क आर्डर जारी**

राज्य बजट में घोषित रायपुर जिले का दूसरा सिविल अस्पताल खारुन तट के किनारे पर बनेगा। सौ बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल के निर्माण में 16.37 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अस्पताल बनाने के लिए आठ एकड़ जमीन का चयन किया गया और सीजीएमएससी द्वारा निर्माण के लिए वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। माना जा रहा है कि जिले की सीमा पर बनने वाला यह अस्पताल रायपुर के साथ दुर्ग जिले की करीब दो लाख आबादी को उपचार की सुविधा प्रदान करेगा।

उपचार सुविधा को बेहतर बनाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। इसके तहत रायपुर जिले के सरोना इलाके में सौ बेड की क्षमता वाला अस्पताल बनाने की घोषणा हुई थी। शासन की मंशा के अनुसार इस पर काम शुरू कर दिया गया है और अनुमान है कि सालभर के भीतर यहां मरीजों को उपचार की सुविधा प्राप्त होने लगेगी।

अस्पताल बनाने के लिए महादेव घाट से सरोना जाने वाले मार्ग पर आठ एकड़ की जमीन को चिन्हित किया गया है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण के लिए एजेंसी तय कर वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। मिट्टी सहित अन्य परीक्षण पूरा किया जा चुका है और संभवतः महीनेभर के भीतर वहां निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। दावा है कि इस सिविल अस्पताल में जिला अस्पताल की तर्ज पर मरीजों को उपचार के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान की जाएगी। यहां जरूरी विभागों का संचालन किया जाएगा जिससे मरीजों को अपनी शारीरिक समस्या के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल का निर्माण खारुन नदी के किनारे होगा जिससे आसपास के रायपुर जिले के साथ दुर्ग जिले के लोगों को भी शासकीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल पाएगी।

### अभी दूर का सफर

वर्तमान में सरोना, रायपुरा, टाटीबंध इलाके में रहने वाले लोगों सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए (एम्स को छोड़कर) शासकीय स्तर उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वहीं सीमा से लगे अमलेश्वर सहित आसपास के गांव को लोगों को भी अपने उपचार के लिए दूर जाना पड़ता है। सरोना में सौ बेड की क्षमता वाले इस सिविल अस्पताल के निर्माण के बाद लोगों बीमारी के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल निर्माण पूरा होने के बाद यहां आवश्यकता के अनुसार सेटअप स्वीकृत कर डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ की भर्ती की जाएगी।



फाइल फोटो

### स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा

नया हास्पिटल बनने के बाद निश्चित तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। सरोना में हास्पिटल बनाने का काम सीजीएमएससी के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। निर्माण के बाद अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

*- डॉ. मिथिलेश चौधरी*
*सीएमएचओ रायपुर*

### राखी में भी सौ बेड का हास्पिटल

नवा रायपुर के ग्राम राखी के सेक्टर-25 में 50 बेड की क्षमता वाले अस्पताल को 100 बेड करने की अनुमति मिल चुकी है। वहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार 50 बिस्तर वाले अस्पताल के रूप में किया गया था। अब वहां इलाज की क्षमता को सौ बेड करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। जिले में जिला अस्पताल पंडरी के अलावा मातृ शिशु हास्पिटल कालीबाड़ी, माना में सौ बेड का सिविल अस्पताल है। सौ-सौ बेड के दो नए हास्पिटल खुलने के बाद यहां के उपचार सुविधा में बढ़ोतरी हो जाएगी।

# रायपुर सेंट्रल जेल के एक और बंदी की मौत से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- **आंबेडकर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत**

सेंट्रल जेल रायपुर के एक विचाराधीन बंदी की फांसी लगाकर मौत का मामला अभी शांत नहीं हुआ है कि मंगलवार को एक और बंदी की मौत हो गई। हालांकि इस बंदी की मौत आंबेडकर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है। मृतक के परिजन इस मामले में भी जेल प्रशासन पर विलंब से अस्पताल में भर्ती कराने का आरोप लगा रहे हैं। इधर बंदी की तबीयत कब बिगड़ी, कितने बजे उसे अस्पताल ले जाया गया और किस कारण से उसकी मौत हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।

राजधानी रायपुर स्थित सेंट्रल जेल में रविवार शाम को एक पॉक्सो एक्ट के मामले में विचाराधीन बंदी सुनील महानंद ने जेल परिसर में लगे पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना में मृतक बंदी के परिजनों ने जेल प्रशासन पर सुनील को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसी प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या की है। इस घटना की जांच अभी पूरी नहीं हो पाई है कि मंगलवार को आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया बंदी दिनेश कुमार देशमुख की भी मौत हो गई। जेल प्रशासन सूत्रों के अनुसार बंदी की तबीयत बिगड़ने पर उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### रेप का आरोपी था बंदी दुर्ग से रायपुर सेंट्रल जेल हुआ था रेफर

सूत्रों के अनुसार मृतक बंदी दिनेश रेप का आरोपी था तथा उसे दुर्ग जेल से 26 दिसंबर को रायपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से दिनेश इसी जेल में बंद था। जेल में रहते ही उसकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टर उसे बचा नहीं पाए।

### परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

इधर इस मामले में भी मृतक बंदी के परिजनों ने जेल प्रशासन पर समय रहते इलाज नहीं कराने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता, तो उसकी जान भी बच सकती थी। इधर इस मामले में जेल प्रशासन के अफसरों की ओर से अब तक कोई बयान या जानकारी नहीं दी गई है।

## बिजने साइट

### लाखे नगर का डिज्नीलैंड मेला बना राजधानीवासियों की पहली पसंद



**रायपुर।** लाखे नगर स्थित हिन्द स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित डिज्नीलैंड मनोरंजन मेला राजधानीवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले को शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं। बच्चों की छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए बड़ी संख्या में परिवार यहां पहुंच रहे हैं, वहीं युवा और बुजुर्ग भी मनोरंजन का भरपूर आनंद ले रहे हैं। मेले की सबसे बड़ी खासियत इंडोनेशिया से आईं आकर्षक जलपरियां हैं, जो अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। बच्चों में इन्हें देखने का खास उत्साह देखा जा रहा है। इस बार मेला नए कलेवर में सजाया गया है, जहां बच्चों के फन जोन से लेकर युवाओं के लिए रोमांचक झूले आकर्षण का केंद्र हैं। स्क्रीम टॉवर और जायंट फ्रिस्बी जैसे नए झूलों ने युवाओं में खास क्रेज़ पैदा किया है। खरीदारी के शौकीनों के लिए यहां क्राफ्ट बाजार में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, साड़ियां, परिधान, ज्वेलरी और होम डेकोर की विविध रेंज उपलब्ध है। वहीं फूड ज़ोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद भी लिया जा सकता है।

### नीरज जलोटा ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाला



**रायपुर।** नीरज जलोटा ने मंगलवार को एनटीपीसी नवा रायपुर के पश्चिमी क्षेत्र-II के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाल लिया है। इसके अलावा श्री जलोटा एनटीपीसी नवा रायपुर में कार्यकारी निदेशक - यूएसएससी (यूनिफाइड शेयर्ड सर्विस सेंटर) का पद भी संभाल रहे हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक श्री जलोटा 1988 में एनटीपीसी में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में एम.टेक तथा एमडीआई गुड़गांव से बिजनेस डेवलपमेंट में पीजी डिप्लोमा प्राप्त किया है। 37 वर्षों से अधिक के अपने दीर्घ और समृद्ध करियर में उन्होंने ऑपरेशन, मैकेनिकल मेंटेनेंस, प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन, कोयला खनन और बिजनेस डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किया है। एनटीपीसी बदरपुर, चट्टी बरियातू, पकरी बरवाडीह और विभिन्न कोल माइनिंग परियोजनाओं में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा गया है।

### यूको बैंक रायपुर अंचल ने सामाजिक सेवा के साथ मनाया 84वां स्थापना दिवस



**रायपुर।** यूको बैंक अंचल कार्यालय, रायपुर ने मंगलवार को अपना 84वां स्थापना दिवस सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक ने विशेष रूप से सक्षम एवं अनाथ बच्चों के साथ समय बिताया तथा उन्हें मिठाई और चॉकलेट वितरित की। सामाजिक कल्याण के तहत बैंक द्वारा बाला आश्रम, कचहरी चौक, रायपुर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु एक वाटर कूलर भेंट किया गया। वहीं, सरकारी बहु-दिव्यांग गृह, माना कैंप को एक टेलीविजन सेट दान किया गया, जिससे वहां रहने वाले बच्चों के मनोरंजन और जानकारी के साधन बढ़ सकें। स्थापना दिवस के अवसर पर तेलीबांधा शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जबकि फाफाडीह (रायपुर मेन) शाखा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर स्थानीय नागरिकों को बुनियादी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अंचल प्रमुख वीना कुमारी ने कहा कि यूको बैंक समाज के जरूरतमंद वर्ग के उत्थान हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

### स्टेज-4 कैंसर को लेकर बदली सोच, 5000 मरीजों का पर्सनलाइज्ड इलाज पूराः डॉ. रवि जायसवाल



**रायपुर।** कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव सामने आया है। प्रसिद्ध मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल और उनकी टीम ने 5,000 मरीजों का पर्सनलाइज़्ड कैंसर ट्रीटमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर एक नई उपलब्धि दर्ज की है। डॉ. जायसवाल के अनुसार, अब कैंसर का इलाज केवल अंगों के आधार पर नहीं, बल्कि मॉलिक्यूलर और जेनेटिक प्रोफाइल के अनुसार तय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंसर को बढ़ाने वाले 'ड्राइवर म्यूटेशन' की पहचान कर उपचार किया जाता है, जिससे अलग-अलग अंगों में हुए कैंसर का इलाज भी समान हो सकता है। टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी इस उपचार की दो मुख्य तकनीकें हैं, जिनसे इलाज अधिक प्रभावी और साइड इफेक्ट कम हो रहे हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा कि स्टेज-4 कैंसर अब अंत नहीं है। सही जेनेटिक रणनीति से मरीज वर्षों तक बेहतर और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में अत्याधुनिक एमआईजीएस तकनीक से ग्लूकोमा का सफल इलाज



**रायपुर।** ग्लूकोमा, जिसे आमतौर पर काला मोतिया कहा जाता है, एक गंभीर नेत्र रोग है जो ऑप्टिक नर्व को स्थायी नुकसान पहुंचाकर अंधत्व का कारण बन सकता है। समय पर उपचार न होने पर यह बीमारी तेजी से दृष्टि को प्रभावित करती है। अब श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में ग्लूकोमा के उपचार के लिए अत्याधुनिक एमआईजीएस (मिनिमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी) तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया है। यह उपलब्धि अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं निदेशक डॉ. चारुदत्त कलमकर द्वारा हासिल की गई। छत्तीसगढ़ में पहली बार इस आधुनिक एमआईजीएस तकनीक से ग्लूकोमा सर्जरी की गई है। इन तकनीकों से उपचार अधिक सुरक्षित है और मरीजों को तेज़ रिकवरी का लाभ मिलता है। इससे प्रदेश के मरीजों को उन्नत इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### यादव समाज का परिचय सम्मेलन 18 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा 34वां राज्यस्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही सम्मान समारोह, सामाजिक आदर्श और सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन होगा। यह कार्यक्रम राजधानी स्थित शहीद स्मारक भवन में 18 जनवरी को किया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में विवाह योग्य, युवक-युवती परित्यक्ता, विधवा, विधुर, विकलांग, प्रतिभागी भी अधिक संख्या में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी समाज के लोग और मंत्री, विधायक शामिल होंगे। यह जानकारी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर यादव ने दी।

### वेतन वृद्धि को तत्काल लागू करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में लंबे समय से कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक सीमित वेतन में निरतर शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जिसके कारण महंगाई को देखते हुए पूर्व वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 1 हजार की वेतन वृद्धि को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसके अलावा कई मांगें रखी गई थीं। छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेश साहू और सचिव अभिषेक ताम्रकार ने बताया कि व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा लंबित मानदेय वृद्धि एवं आगामी वार्षिक कार्ययोजना बजट में उचित मानदेय के लिए प्रस्तावों के लिए समय शिक्षा सहायक संचालक को पत्र प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

# युवक की संदिग्ध मौत, हादसा, आत्महत्या या हत्या, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के रामा वर्ल्ड कालोनी परिसर में सोमवार देर रात एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। उसकी कमर और दोनों पैर की हड्डी टूट मिली, वहीं सिर पर भी चोट का निशान है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को भी समझ में नहीं आ रहा कि मृतक ने कालोनी की बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की है या फिर वह हादसे का शिकार हुआ है।

घटना स्थल पर कार के टायर के निशान भी मिले हैं, इसलिए आशंका यह भी जताई जा रही है कि कहीं किसी कार के नीचे दबकर उसकी मौत हुई है। पुलिस ने इस घटना में हत्या की आशंका नहीं जताई है, लेकिन ऐसा हो नहीं सकता। इससे भी इनकार किया नहीं जा सकता, क्योंकि जिस तरह से शव मिला है, उससे यह भी आशंका जताई जा सकती है कि किसी ने बिल्डिंग से उसे नीचे धक्का दिया है या फिर वाहन से कुचलकर हत्या की हो।



बहरहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

विधानसभा थाना प्रभारी ने इस घटना के संबंध में बताया कि यह घटना रात करीब 11 बजे के आसपास की है। मृतक को कालोनी के बाहर परिसर में मृत पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मृतक की पहचान की गई, तो पता चला कि उसका नाम शुभम राणा 27 वर्ष मूलतः झारखंड के ग्राम देवघर का रहने वाला था, वहीं रायपुर में मजदूरी का काम किया करता था। रायपुर में वह अपने अन्य मजदूर साथियों के साथ निर्माणाधीन बिल्डिंग में ही रहता था।

### चौथी मंजिल की छत पर मिला मृतक का मोबाइल

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक शुभम जिस निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी का काम करता था, वहीं अपने साथियों के साथ झोपड़ी बनाकर रह रहा था। घटना के बाद पुलिस की जांच में मृतक का मोबाइल निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल की छत पर मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि शुभम मरने से पहले छत पर ही था, लेकिन उसकी मौत छत से गिरने से हुई है या फिर किसी कार के नीचे दबकर उसकी मौत हुई है। इसका पता नहीं चल पाया है। इस मामले में यह भी आशंका जताई जा रही है कि शुभम अकेले या फिर अपने अन्य साथी के साथ शराब पीने के बाद छत पर टहल रहा होगा। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया होगा। नीचे गिरते ही वह किसी कार की चपेट में आ गया होगा। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और मामले की जांच होने तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता कि घटना का कारण हादसा, आत्महत्या या फिर हत्या है।

### 1 लाख 30 हजार घरों और...

स्पॉट की फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाएगी। इसके लिए निगम के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट ...

अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए सप्लायर चेन सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में 4 मेडिकल दुकान रत्ना मेडिकल स्टोर कुशालपुर पुरानी बस्ती, काव्या मेडिकोज टिकरापारा, प्यारी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर भनपुरी खमतराई एवं भरोसा मेडिकल स्टोर सांकरा धरसींवा में छापा मारकर यहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। इन मेडिकल स्टोर के संचालकों कान्हा कृष्ण कश्यप उर्फ सूरज 31 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी, धीमन मजूमदार 31 वर्ष निवासी कृष्णा नगर रायपुर, राहुल वर्मा 26 वर्ष निवासी डीआरएम ऑफिस के पास जागृति नगर खमतराई तथा मोहम्मद अकबर 29 वर्ष निवासी बाजार चौक सांकरा धरसींवा को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

*मेडिकल दुकानें सील लाइसेंस भी होंगे निरस्त :* मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री के मामले में सभी मेडिकल दुकानों को सील कर दिया गया है। वहीं इन दुकानों के संचालकों का मिला लाइसेंस भी निरस्त किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जिस कोरियर कंपनी और बसों के माध्यम से इस नशीले टेबलेट का परिवहन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने की तैयारी में है।

*एमआर करता था मेडिकल दुकानों में नशीली दवाइयों की सप्लाई :* पुलिस अफसरों के अनुसार इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा

## पेज 11 के शेष ...

निवासी एमआर आनंद शर्मा 45 वर्ष है। आनंद ही प्रतिबंधित टेबलेट को ऑर्डर देकर जबलपुर से मंगाया करता था। ये नशीली दवाइयां कभी कोरियर से तो कभी बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से वह मंगाता था। इसके बाद वह इन नशीली दवाइयों को मेडिकल दुकानों में डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

### ग्राहक बनकर पुलिस ने ...

प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ करने पर उसने उक्त टेबलेट को आनंद शर्मा से लाना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आनंद शर्मा की पतासाजी करते हुये उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसके कब्जे से मकान में रखे प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जप्त किया गया। पूछताछ में आनंद शर्मा ने स्वयं को एमआर (मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव) होना बताने के साथ ही प्रतिबंधित नशीले टेबलेट को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाना बताया। कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से चारपहिया टाटा सफारी वाहन एवं 5 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इस तरह नशीली दवाइयां, वाहन एवं मोबाइल की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पुरानी बस्ती थाना में धारा 21(सी), 29 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ठंड का असर, शहर में दो तो...

12.9 से 10.5 हो गया। अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है उसके बाद न्यूनतम तापमान में 15 जनवरी तक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने संभावना जताई है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है उसके बाद 15 जनवरी तक वृद्धि होने की संभावना है, इससे ठंड के प्रभाव में भी कमी आने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा दो दिन के लिए कई इलाकों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है।

### खत्म हुआ मरीजों का इंतजार...

अलावा कोई चारा नहीं था। अस्पताल प्रबंधन के लगातार प्रयास के बाद समस्या का समाधान हुआ और नए साल से प्रत्यारोपण संबंधी उपचार की पुनः शुरुआत की गई है। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरके दास के बताया कि गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस, दुर्घटना या लंबे समय से जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए यह सर्जरी लाभकारी साबित हो रही है। सर्जरी के बाद मरीज सामान्य जीवन की ओर तेजी से लौट पा रहे हैं। व्यवस्था सामान्य होने के बाद अस्थि रोग विभाग के डाक्टरों ने आठ मरीजों को राहत प्रदान की है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्यतः उम्रदराज लोगों को, सड़क हादसे अथवा सिकलसेल सहित अन्य जेनेटिक बीमारी वाले मरीजों को हिप अथवा नी रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ती थी। बदलते वक्त के बाद कम उम्र के लोगों को भी इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन सर्जरी के माध्यम से मरीजों को लम्बे समय से चले आ रहे असहनीय दर्द से स्थायी राहत मिलती है तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

### साइको-सोशल काउंसिलिंग ...

नहीं रहेगी। इस काउंसलिंग सेवा के माध्यम से छात्र और अभिभावक 73 प्रशिक्षित विशेषज्ञों से बातचीत कर सकते हैं। इस पैनल में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रिंसिपल, काउंसलर, स्पेशल एजूकेटर और योग्य मनोवैज्ञानिक शामिल हैं। इनमें से 63 काउंसलर भारत में स्थित हैं, जबकि 12 काउंसलर नेपाल, जापान, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात से सेवाएं दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### विपत्तियों में ही चलता है श्रद्धालुओं की भक्ति का पता : शास्त्री महाराज



**रायपुर।** तेंदुआ हीरापुर डॉट रायपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। साथ ही उन्होंने राजा बलि की कथा गाते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है, विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया। अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। उन्होंनहमें भी विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए एवं भगवान पर विश्वास करना चाहिए राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान की विशेष महत्व को बताएं दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसा कमा रहे हैं। भागवत कथा अमृत तुल्य है। यह कार्यक्रम बबीता मनहरन दुबे सहित समस्त दुबे परिवार द्वारा आयोजित किया गया।

### 31 तक ऑनलाइन टोकन बंद, किसानों में आक्रोश



**रायपुर।** 31 जनवरी तक ऑनलाइन टोकन बंद करने से किसानों में भारी आक्रोश है। धान खरीदी समिति द्वारा लगातार मांग पर भी लिमिट नहीं बढ़ाने के कारण भारी समस्या का आलम ह। यही स्थिति लगभग सभी खरीदी केंद्रों का है। कुकेरा, कुथरेल, सिलयारी, पथरी, सारागांव आदि समितियों द्वारा लगातार खरीदी लिमिट बढ़ाने मांग करता रहा, लेकिन सरकार ने नहीं बढ़ाए, जिसके कारण किसानों को आफत में डाल दिया। इसी दौरान किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि किसानों को लगातार परेशान करने का काम किया जा रहा है, अब भीषण संकट किसानों को टोकन आखिरी में 31 जनवरी तक बुक हो चुका है, वर्तमान लिमिट में खरीदी संभव नहीं है अर्थात खरीदी लिमिट बढ़ाए, जिससे किसानों को टोकन मिल जाए अन्यथा किसानों को मजबूरन आंदोलन करने बाध्य होंगे।

### छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

**रायपुर।** सर्वोदय नगर टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में विगत दिनों वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर छात्रों ने अपनी प्रतिमा का शानदार प्रदर्शन किया। और साल भर की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पुरस्कार केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आपकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि आज जो वे सीख रहे है, वहीं कल उनके उज्जवल भविष्य की नींव बनेगा।

# छोटे अस्पतालों पर तीन एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति का बड़ा भार, आयुष्मान का समय पर नहीं हो रहा भुगतान

## डाक्टरों पर तीन हास्पिटलों में प्रैक्टिस की बाध्यता, प्रभावित हो सकती है सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीस बिस्तर के अस्पतालों में तीन एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा डाक्टरों के तीन हास्पिटलों में प्रैक्टिस की बाध्यता छोटे और मध्यम अस्पतालों में होने वाले बड़े ऑपरेशन को बंद करा सकते हैं। आयुष्मान योजना में होने वाले इलाज का समय पर भुगतान और सात साल पुराने पैकेज को रिवाइज करने की आवश्यकता है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने नए संचालक चिकित्सा सेवा संजीव झा को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से उपचार के दौरान आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया है। उन्हें जानकारी दी गई कि बीस बिस्तर के पीछे चौबीस घंटे में तीन डाक्टरों की नियुक्ति का नियम है, जो छोटे और मध्यम हास्पिटलों के लिए परेशानी का कारण है। कई अस्पताल की स्थिति तीन डाक्टरों के वेतन का भार उठाने लायक नहीं है ऐसे में उनके सामने हास्पिटल बंद करने की नौबत आ रही है। नए पोर्टल में एक डाक्टर को तीन हास्पिटलों में सेवा देने की अनुमति दी गई है। ऐसे में छोटे और मध्यम हास्पिटलों में ऑपरेशन बंद हो सकते हैं जिसका सीधा असर मरीजों पर होगा। सभी मरीज कार्पोरेट हास्पिटल में जाकर इलाज कराने की स्थिति में नहीं होते। उन्हें बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अस्पतालों को भुगतान न तो समय पर प्राप्त हो रहा है और न ही पूर्ण राशि मिल रही है जिससे अस्पतालों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

### निगरानी समिति गठित

योजना के पैकेज के पुनरावलोकन की मांग काफी समय से की जा रही है, परंतु पिछले लगभग 7 वर्षों से उसी दर पर कार्य किया जा रहा है। उनसे डिमांड की गई है कि स्वास्थ्य सहायता योजना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निगरानी समिति गठित की जाए। इसमें आईएमए के एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाए ताकी योजना में होने वाले फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सके।




## अनुबंध अनुसार मार्च 2024 तक पूरा हो जाना था काम

# महाराजबंध एसटीपी निर्माण में देर से महापौर नाराज, कार्य जल्द पूरा कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ महामाया मंदिर वार्ड के महाराजबंध तालाब में बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का निरीक्षण किया। कार्य में देर को लेकर महापौर मीनल चौबे बिफर उठीं, उन्होंने एसटीपी निर्माण का कार्य जल्द पूरा कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने नागपुर की समृद्धि वाटर वर्क कंपनी को ठेका दिया गया है। 29 जुलाई 2022 को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया। अनुबंध की शर्त के अनुसार 1 साल की समय अवधि में यह कार्य पूरा करना था, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

■ नालियों का गंदा पानी तालाब को कर रहा दूषित



महाराजबंध तालाब में नालियों का गंदा पानी आने के कारण तालाब का पानी दूषित हो चला है। गंदा पानी को उपचारित कर तालाब का जलस्तर बढ़ाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड वहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने ऑनलाइन टेंडर कर ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी शुरुआत में लैंड इशू के कारण 1 साल तक काम शुरू कर नहीं पाई। इसके बाद अनुबंधित एजेंसी ने काम तो शुरू किया, पर काम की सुस्त रफ्तार के कारण निर्धारित समय में काम पूरा नहीं हो पाया। कम मैनपावर रखने और एक साथ तीन तालाबों के एसटीपी निर्माण करने के कारण कार्य प्रभावित हुआ।

महापौर मीनल चौबे ने एसटीपी निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान तालाब किनारे एसटीपी के समीप गंदगी नहीं जाने देने तत्काल जाली लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने एनजीओ ग्रीन आर्मी के स्वयं सेवकों के साथ तालाब की श्रमदान से सफाई का महाअभियान भी देखा। निगम के स्वास्थ्य विभाग को तालाब से बाहर निकाले गए कचरे को तत्काल परिवहन की व्यवस्था देने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रमोद कुमार साहू, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सीओओ ऋचा चंद्राकर, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता अजय श्रीवास्तव, उप अभियंता राहु थौरानी, शुभम तिवारी, योगेन्द्र साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर, संदीप वर्मा, आदित्य हजारी, पूर्व पार्षद सरिता वर्मा, ग्रीन आर्मी के अमिताभ दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लखमा से मिले बघेल, बोले- जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं हैं और सिर्फ परेशान करने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, हाल ही में तीन और लोगों को प्रोटक्शन वारंट पर लिया गया है, वह भी सिर्फ उत्पीड़न के लिए।





■ भूपेश का आरोप- ईओडब्ल्यू अदालत के निर्देशों की अनदेखी कर रही

मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिलने रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में कवासी लखमा आरोपी हैं। बेटे चैतन्य बघेल के ज़मानत पर रिहा होने के बाद वे पहली बार जेल पहुंचे थे। उन्होंने जांच एजेंसियों को बीजेपी की बी टीम करार देते हुए विपक्षी नेताओं को बिना ठोस सबूत के परेशान करने का आरोप लगाया।

### बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों के पास कोई ठोस तथ्य नहीं हैं और सिर्फ परेशान करने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, हाल ही में तीन और लोगों को प्रोटक्शन वारंट पर लिया गया है। वह भी सिर्फ उत्पीड़न के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ईडी ने अपनी फाइनल रिपोर्ट सबमिट कर दी है, लेकिन ईओडब्ल्यू ने अब तक रिपोर्ट दाखिल नहीं की है।उन्होंने आरोप लगाया कि ईओडब्ल्यू अदालत के निर्देशों की अनदेखी कर रही है और खुद को कानून से ऊपर समझ रही है।

### लखमा के साथ अन्याय, राज्य की जनता देख रही- साव

भूपेश बघेल के सेंट्रल जेल जाकर लखमा से मुलाकात पर उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, उनके साथ जिस तरह का अन्याय हुआ, उसे पूरी छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है। उन्होंने कहा, जेल में कवासी लखमा से मिलना, भूपेश बघेल का व्यक्तिगत निर्णय है और उन्हें मिलना भी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बेटे को जमानत मिल गई है, लेकिन जिस निर्दोष आदिवासी नेता के साथ अन्याय हुआ है, उसकी सच्चाई प्रदेश की जनता के सामने है।

### ठीक है लखमा का स्वास्थ्य

*शराब घोटाला मामले में सेंट्रल जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, फिलहाल कवासी लखमा का स्वास्थ्य ठीक है। पिछली बार उन्हें सीने और पैर में दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को पत्र लिखा था, इसके बाद लखमा की जांच हुई और उन्हें दवाइयां भी दी गईं।*

# धनेली में चल रहा था डीजल का अवैध कारोबार, 1080 लीटर जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनेली विधानसभा रोड के समीप दुर्गा ट्रेडर्स यार्ड में डीजल का अवैध कारोबार किया जा रहा था। सिलतरा पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद इस यार्ड में छापा मारकर यहां से 1080 लीटर डीजल जब्त किया गया है। पुलिस ने इस यार्ड के संचालक को भी गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें, तो इस यार्ड में कई महीनों से नहीं, बल्कि कई वर्षों से डीजल का अवैध कारोबार चल रहा था। इसकी सूचना पुलिस को अब जाकर हुई है।

सिलतरा चौकी प्रभारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि धनेली विधानसभा रोड स्थित दुर्गा ट्रेडर्स नामक यार्ड में अवैध रूप से डीजल का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर टीम ने यहां छापा मारा। इस दौरान घेराबंदी करते हुए यार्ड में मौजूद उमेश साव 53 वर्ष निवासी हर्षित विहार कॉलोनी उरकुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उमेश ने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन जब मौके से जब्त किया गया डीजल के वैध दस्तावेज मांगे, तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि वह यार्ड का संचालक है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।



### डीजल से भरे 6 ड्रम बरामद

इस छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यार्ड से प्लास्टिक के 6 ड्रम बरामद किए हैं। इन सभी ड्रमों में कुल 1080 लीटर डीजल भरा हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 40 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धरसींवा थाना में धारा 287 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार उमेश साव पूर्व में भी पेट्रोल-डीजल के अवैध कारोबार के मामले में जेल जा चुका है।

# मरीजों को जरूरी दवाई रीएजेंट और एंबुलेंस हमेशा उपलब्ध कराने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जरूरी दवाई, जांच संबंधी रीएजेंट और एंबुलेंस की सुविधा देने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चौबीस घंटे और सातों दिन अस्पताल में इसके पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। इसके अलावा पोषण पुर्नवास केंद्र के हमेशा बच्चों को भर्ती कर इलाज की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया।

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संजीव झा ने मंगलवार को जिला अस्पताल पंडरी और कालीबाड़ी के मातृ शिशु हास्पिटल पहुंचकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का शत प्रतिशत आभा आईडी बनाने पर जोर दिया। प्रसव कक्ष में भर्ती होने वाले सभी मरीजों का नेक्सजेन-ई हास्पिटल में शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने पर जोर दिया। नवजात शिशु चिकित्सा इकाई में भर्ती होने वाले बच्चों की जानकारी लेकर वहां मानव संसाधन की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सालय में आवश्यक दवाइयां, उपकरण, रीएजेंट एवं एंबुलेंस की हमेशा उपलब्ध कराने कहा। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में संचालित पैथोलॉजी लैब, स्टोर में सीजीएमएससी से मिलने वाले दवाइयों की ऑनलाइन एंट्री करने की हिदायत दी गई। पोषण पुनर्वास केंद्र में 100 फीसदी बेड पर मरीज रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी और सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी से अस्पताल में कमियों के संबंध में चर्चा कर उसे जल्द से जल्द ही दूर करने की हिदायत दी गई।





# 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग निगम ने रोका, लालपुर में 26 गोडाउन को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 की टीम ने मंगलवार को बोरियाखुर्द में हो रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के नेतृत्व में आरडीए बिल्डिंग के पास करीब 3 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर की गई। इसमें डीपीसी मुरुम मार्ग को मशीन से ध्वस्त कर मार्ग बाधित किया गया। इसके पूर्व जोन 10 अंतर्गत 2 अवैध प्लाटिंग प्रकरणों पर 1,845 हेक्टेयर क्षेत्र में अधिनियम अनुसार प्रबंध अधिग्रहण की कार्रवाई करने आम सूचना प्रकाशन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर नगर निगम द्वारा प्रबंध अधिग्रहण की ऐसी कार्रवाई पहली बार की गई है। लालपुर फल मंडी के पीछे आवासीय भवन का व्यावसायिक उपयोग करने पर 26 गोडाउन संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। नियम अनुसार नोटिस प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवैध निर्माण हटाने अथवा सीलबंद या नियम अनुसार गोडाउन संचालकों को राजीनामा कराने प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम जोन 10 की टीम ने सड़क बाधा, ग्रीन नेट और सीएंडडी वेस्ट सहित अन्य पर 21 हजार रुपए का चालान जारी किया।

# राजिम जयंती महोत्सव आज सीएम साय होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा ईष्ट देवी माता राजिम की जन्म स्थली राजिम में राजिम माता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी है। बुधवार को जयंती महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, विधायक मोतीलाल साहू, रोहित साहू सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद द्वय चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, चंद्रशेखर साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू व थानेश्वर साहू होंगे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक द्वय बालेश्वर साहू,भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, ईश्वर साहू ,दीपेश साहू संदीप साहू, ओंकार साहू, इंद्र कुमार साहू, इंद्र साव, पूर्व मंत्री द्वय रामशिला साहू जागेश्वर साहू, कृपाराम साहू पूर्व विधायक डाक्टर दयाराम साहू, लेखराम साहू, अशोक साहू, प्रीतम साहू, डॉक्टर खिलावन साहू, कुमारी साहू, छन्नी साहू, शकुंतला साहू, चैत राम साहू शामिल होंगे।



■ राजिम में जुटेंगे प्रदेशभर से साहू समाज के लोग

## इलाज के बाद अब त्रिभुवन की हालत खतरे से बाहर

# हिट एंड रन मामले में लक्की सिंह गिरफ्तार, थाने से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और वर्तमान भाजपा विधायक रेणुका सिंह के बेटे लक्की सिंह को हिट एंड रन मामले में तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद थाने से ही रिहा कर दिया है। बताया जा रहा है कि लक्की सिंह की कार से घायल हुए बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### दो दिन पहले अग्रसेन धाम चौक के पास किया था एक्सीडेंट

भरतपुर सोनहट की विधायक रेणुका सिंह का बेटा लक्की सिंह अपने अन्य साथियों के साथ रायपुर आया था। ये सभी कार में सवार थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार को लक्की सिंह चला रहा था। अग्रसेन धाम चौक के पास कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर जा गिरा था। इस दुर्घटना में बाइक सवार त्रिभुवन सिंह ठाकुर को गंभीर चोटें आईं। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां इलाज के बाद अब त्रिभुवन की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इधर इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने लक्की सिंह को गिरफ्तार किया है, लेकिन उसे थाने से ही जमानत मिल गई है। पुलिस ने फिलहाल लक्की सिंह के विरुद्ध धारा 181, 125ए के तहत अपराध दर्ज किया है।


भाजपा विधायक के बेटे ने कार से बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अग्रसेन धाम के पास भाजपा विधायक के बेटे ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक चालक अपनी बाइक से

पुलिस कर रही पूछताछ

घटना स्थल से भाग जाने के बाद पुलिस घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के बयान के आधार पर कार चला रहे भाजपा विधायक के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार चला



### कार में दो युवती सहित अन्य युवक सवार थे

*घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया था कि जिस समय कार ने बाइक को टक्कर मारी थी, उस समय कार में लक्की सिंह के अलावा दो युवती सहित अन्य युवक भी सवार थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में फिलहाल कार चालक लक्की सिंह के खिलाफ ही अपराध दर्ज किया है। तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि लक्की सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया था, लेकिन जमानत पर छोड़ दिया है।*






हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सबरीमाला की तर्ज पर अय्यप्पा मंदिर...

## एजुकेशन अलर्ट

# फूड एनॉलिस्ट पदों पर भर्ती शुरू, ग्रेजुएट से लेकर पीएचडी उत्तीर्ण कर सकते हैं आवेदन




**रायपुर।** सरकारी नौकरी की तलाश में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से फूड एनालिस्ट भर्ती (11th FAE-2025) के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। एफएसएसएआई की ओर से भर्ती के लिए फॉर्म भरने की लास्ट डेट 22 जनवरी निर्धारित है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट fssai.gov.in पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फूड एनालिस्ट पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार का केमिस्ट्री, डेयरी केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड सेफ्टी, एग्रीकल्चर साइंस जैसे 14 विषय में यूजी, पीजी या पीएचडी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इंस्टीट्यूशन ऑफ केमिस्ट्स (इंडिया) से फूड एनालिस्ट सेक्शन की परीक्षा पास होना भी मान्य है। न्यूनतम तीन साल का फूड एनालिसिस का अनुभव जरूरी है।

### एप्लीकेशन फीस

*एप्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ अभ्यर्थियों को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए 2500 रुपये जमा करना होगा वहीं प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 5000 रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा। ध्यान रखें कि आवेदन के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा और नाम में गड़बड़ी होने पर आवेदन रद्द हो सकता है। ऐसे में अभ्यर्थी ध्यान से फॉर्म को पूरा करें। इस परीक्षा में कोई आरक्षण लागू नहीं है।*

### आवेदन करने की प्रक्रिया

परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दिया जा रहा है। एफएसएसएआई फूड एनालिस्ट एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।पहले रजिस्टर बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल दर्ज करें और पंजीकरण कर लें।इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें।अंत में निर्धारित शुल्क जमा करें और फॉर्म को सबमिट कर दें।

## हथकरघा विभाग द्वारा निर्मित कोसा और कॉटन की फेब्रिक्स व ड्रेस मटेरियल्स बनी हर वर्ग की पसंद

# दिल्ली-मुंबई वालों को भा रहा छत्तीसगढ़ की कोसा फेब्रिक्स जैकेट्स और गोदना प्रिंट साड़ियों की बढ़ी ऑनलाइन डिमांड

"छत्तीसगढ़ के हैंडलूम डिजाइन और कोसा फ्रेब्रिक्स की दुनिया दीवानी हो गई है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के महानगरों से भी लोग अब ऑनलाइन माध्यम से कोसा से बनी कपड़े, जैकेट्स और ट्राइबल प्रिंट साड़ियों की खरीद कर रहे हैं। यह देखने को मिला जयस्तंभ चौक लालगंगा काम्प्लेक्स के सामने स्थित छत्तीसगढ़ हथकरघा के बिलासा हैंडलूम शो रूम में। यहां दिल्ली-मुंबई से लोग छत्तीसगढ़ के हथकरघा बुनकरों द्वारा कोसा की फेब्रिक्स पर पारंपरिक बुनकारी वाली ड्रेस मटेरियल्स को ऑनलाइन पर्चेसिंग करने में खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

**रायपुर।** बिलासा हैंडलूम शो रूम के सहायक मैनेजर राजेश साहू ने बताया कि पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ के हैंडलूम की डिमांड प्रदेश सहित देश के कोने-कोने में बढ़ी है। इसकी वजह छत्तीसगढ़ हथकरघा विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे नवाचार और बुनकरों की नायब बुनकारी का कमाल है। हर वर्ग के लोग कोसा से बनी मैन्स व वुमेन्स ड्रेस मटेरियल्स को काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हथकरघा विभाग द्वारा विशेषकर कोसा और कॉटन की फेब्रिक्स व रेडिमेड ड्रेस मटेरियल्स, थान कपड़े का मैनुफेक्चरिंग व डिजाइनिंग और मार्केटिंग किया जा रहा है। देश व देश के बाहर से लोग ऑनलाइन माध्यम से हैंडलूम ड्रेसेस की खरीदी कर रहे हैं। वहीं, राज्य के अलग-अलग जिले से भी लोग राजधानी के बिलासा हैंडलूम शो रूम में खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं।





### राजनांदगांव से खरीदी करने पहुंचे ग्राहक

*हैंडलूम शो रूम में कोसा की जैकेट्स और कॉटन की धोती खरीदने राजनांदगांव जिले से पहुंचे प्रणव दास ने बताया कि वह हमेशा यहीं से स्वयं और रिश्तेदारों के लिए ड्रेस मटेरियल्स खरीदने आते रहते हैं। कोसा व कॉटन पर पारंपरिक व स्थानीय बुनकरों की बुनकारी, कलर कॉम्बिनेशन, फेब्रिक्स क्वालिटी काफी शानदार होता है। यह दुनिया के किसी और जगह नहीं मिल सकती। मुझे कोसा व कॉटन के बने जैकेट्स, धोती, कुर्ता, शॉल और थान कपड़े काफी पसंद हैं।*





### आर्मी ऑफिसर ने की कोसा साड़ियों की ऑर्डर

हैंडलूम शो रूम के सहायक मैनेजर ने बताया कि कुछ ही देर पहले दिल्ली के रहने वाले नीरज जैन ने कोसा की मैन्स जैकेट ऑनलाइन पर्चेस किया है। वहीं, एक आर्मी ऑफिसर ने कोसा की साड़ियां ऑनलाइन ऑर्डर कर बुकिंग किया है। इसी तरह मुंबई, कोलकाता, भोपाल से भी लोग बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ की हैडलूम मटेरियल्स मंगा रहे हैं।

### इन ड्रेस मटेरियल्स व डिजाइन की भारी मांग

*चांपा, चंद्रपुर, रायगढ़ से कोसा और कॉटन की गोदना, जेरा बेरी, फुलजाला, टेम्पल प्रिंट में कौशिल्या मंदिर, सिरपुर, जैतखंभ, राजगीत अरपा प्रिंट, बस्तर आर्ट वाली साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। वहीं, ट्राइबल प्रिंट में जनजातीय भित्त चित्र की बुनकारी और प्लेन कोसा की सलवार सूट कपड़ा, दुपट्टा गर्ल्स की एवर टाइम च्वाइंस में शामिल हैं। लड़कों के लिए जैकेट्स, कुर्ता-पजामा खास है। वहीं, बड़ों के लिए बूटा वर्क बुनकारी वाले शॉल खूब डिमांड में हैं।*

## सिटी इवेंट

# डीजे के भक्तिमय गीत-संगीत के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



**रायपुर।** मंगलवार को पूज्य गुरुदेव चिन्मयानंद महाराजश्री के स्वागत में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 21 सौ महिलाओं ने भाग लिया। कलश को सिर पर धारण कर महिलाएं लाल चूनरी प्रिंट पारंपरिक परिधान में कतारबद्ध होकर सुव्यवस्थित, डीजे के भक्तिमय गीत-संगीत के साथ भव्य कलश यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा में पूज्य गुरुदेव चिन्मयानंद महाराजश्री रथ पर सवार होकर कथा स्थल के लिए रवाना हुए, जिनकी पुष्पा वर्षा कर स्वागत जगह-जगह मार्ग में श्रद्धालुगण करते रहे और आशीर्वाद प्राप्त किए। इस कलश यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चे सभी वर्ग के लोगों ने भक्तिभाव में ओतप्रोत दिखे। यजमान परिवार सिर पर विधिवत भगवद् गीता लेकर चलते रहे। कलश यात्रा मां काली मंदिर गुढ़ियारी से प्रारंभ होकर गुढ़ियारी पड़ाव, दाल मिल, हनुमान मंदिर होते हुए अवधपुरी मैदान तक पहुंची। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान जितेन्द्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, सह यजमान अमित अग्रवाल, भंडारा यजमान अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चन्द्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा, महेश शर्मा, संजय मित्तल, राजेश गोयल, अखिलेश तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, ज्योति झा, श्वेता सोनी, पार्वती शर्मा, मुक्ता शर्मा, मोनिशा पाण्डेय, रश्मि जैन, सीमा शर्मा, लक्ष्मी यादव, प्रियंका ठाकुर, विद्या शर्मा आदि शामिल रहे।



### आज से श्रीमद् भागवत कथा की अमृत धारा

*सुविख्यात परम पूज्य संत चिन्मयानंद बापू महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा रायपुर द्वारा 7 जनवरी से 13 जनवरी तक अवधपुरी मैदान, गुढ़ियारी में संध्या 4 बजे से आयोजित की जा रही है। इस श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।*

# सुबह का समय श्रेष्ठ, इसे न करें मिस, मैजिकल थॉट्स और बच्चों ने सीखा बैलेंस ऑफ लाइफ

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में क्लास 8वीं से क्लास 12वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची ने बच्चों को चेतन मन यानी कॉन्शियस माइंड और अवचेतन मन यानी सबकॉन्शियस माइंड के शक्तियों के बारे में बताया।

ब्रह्माकुमारी प्राची ने बच्चों को कॉन्शियस माइंड और सबकॉन्शियस माइंड के बारे में बताते हुए कहा कि चेतन मन हमारी जागृत अवस्था में कार्य करता है तथा दिन भर के हमारे द्वारा किए गए विचारों, बातों एवं प्रयासों को सेव करता है, लेकिन अवचेतन मन सबकॉन्शियस माइंड 24 घंटे कार्य करता है तथा हमारे सोने के बाद भी यह जागृत रहता है।



### सुबह का समय श्रेष्ठ इसलिए न करें मिस

अवचेतन मन रात को सोने से आधे घंटे पहले एक्टिव होना शुरू हो जाता है और सुबह उठने के आधे घंटे तक 100% एक्टिव रहता है, इस समय जो भी विचार हम अवचेतन मन सब कॉन्शियस माइंड को देंगे वह हमारे जीवन में फलिभूत होगा, इसलिए सुबह का समय किसी भी विशेष और शुभ कार्य के लिए बहुत श्रेष्ठ होता है चाहे वो पढ़ाई, श्रेष्ठ चिंतन या ध्यान के लिए हो।उस समय उसको जो विचार देंगे वह उस पर कार्य करना शुरू कर देता है। इसलिए रात्रि के सोने से पहले का आधा घंटा और सुबह उठने के बाद का आधे घंटे के विचार में इतनी शक्ति होती है कि वह हमारे जीवन को परिवर्तन कर सकता हैं जिसे हम चमत्कारिक विचार या मैजिकल थॉट्स कहते हैं। बीके प्राची ने उदाहरण देकर अपने विचार बताते हुए कि जैसे मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूं, मैं परिस्थितियों से अधिक शक्तिशाली हूं, सफलता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, इन सबके लिए हमको विश्वास के साथ बिना डाउट के साथ प्रयास करना है। इन सभी बातों को बच्चों ने एकाग्रता एक्टिविटी बैलेंस ऑफ लाइफ बाल जीवन में संतुलन का महत्व, मेडिटेशन फन एक्टिविटी द्वारा अभ्यास भी किया।

# श्रीवामनराव लाखे स्कूल में सांस्कृतिक एवं पुरस्कार समारोह आज

**रायपुर।** श्रीवामनराव लाखे उच्चतर माध्यामिक शाला एवं एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल हीरापुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। स्कूल संचालन शिक्षा प्रचारक समिति द्वारा यह आयोजन बुधवार सुबह 11 बजे से शाला प्रांगण, तेदुआ रोड यदुवंशी चौक में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीनल चौबे महापौर नगर निगम होंगी। अध्यक्षता डॉ. वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष महिला बाल विकास आयोग) करेंगी। विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी (अध्यक्ष, प्रबंध समिति) की समारोह में गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

मुख्य अतिथि मीनल चौबे महापौर नगर निगम होंगी

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी

इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रीवामनराव लाखे स्कूल गांधी चौक की प्राचार्य भारती यादव, श्रीवामनराव लाखे स्कूल हीरापुर ब्रांच की प्राचार्य मंजू साहू, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, आशा रानी बोस एवं अनिल तिवारी सचिव, प्रबंध समिति, आरके गुप्ता उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति, विष्णु महोबिया व्यवस्थापक उपस्थित रहेंगे।

## कार्नर न्यूज

## क्लास के बाद घर पर विषय के अध्यायों जैसे प्रकाशिकी, स्थिरवैद्युत, चुंबकत्व को करें रिवाइज

# विद्यार्थी फिजिक्स के सूत्रों एवं व्युत्पत्तियों का नियमित प्रैक्टिस और मॉडल पेपर को करें हल

**रायपुर।** विद्यार्थियों को क्लासरूम में 12वीं के फिजिक्स विषय के सिलेबस को प्रैक्टिस से समझाने व याद रखने के तरीके बताते हैं। सीजी बोर्ड द्वारा दिए गए ब्लूप्रिंट व प्री-बोर्ड एग्जाम के प्रश्नों के नोट्स बनाकर भली-भांति उनका रिवीजन कराते हैं। यह कहना है जेएन पांडे हायर सेकंडरी स्कूल के फिजिक्स विषय के टीचर प्रमोद पांडे का। वे 12वीं के बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते हुए बताते हैं कि विद्यार्थी फिजिक्स के सूत्रों एवं व्युत्पत्तियों को याद करने नियमित प्रैक्टिस करें। बोर्ड एग्जाम में सफलता और मेरिट में स्थान पाने के लिए विद्यार्थियों को नियमित तौर पर क्लास के बाद घर पर विषय के अध्यायों जैसे प्रकाशिकी, स्थिरवैद्युत, चुंबकत्व को रिवाइज करना चाहिए। साथ ही फिजिक्स विषय के किसी भी सूत्र को लेकर डाउट हो तो उसे टीचर्स से क्लीयर करें। फिर घर पर उसकी प्रैक्टिस करें। फिजिक्स का विषय नियमित प्रैक्टिस मांगता है। हम स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराते हैं, ताकि वह एग्जाम में सफल हो सके। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस प्रश्नों को अंक विभाजन के हिसाब से हल कराना शामिल है। इस तरह से जो स्टूडेंट्स इस वर्ष बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए हरिभूमि ने शहर के हायर सेकंडरी स्कूल के फिजिक्स टीचर्स से खास बातचीत की, जिस पर टीचर्स ने एग्जाम टिप्स साझा किए हैं।



### प्रश्न शीट को समझें और उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें

टीचर्स व काउंसलर का कहना है कि स्टूडेंट्स परीक्षा हॉल में प्रश्न शीट को अच्छे से समय पर हल करें, आवश्यक हो, उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें। परीक्षा के दौरान फिजिक्स विषय के प्रत्येक खंड के लिए 10 से 15 मिनट रिवीजन के लिए निर्धारित करना फायदेमंद होगा। बोर्ड एग्जाम को लेकर विद्यार्थियों को मन में डर निकाल देना चाहिए। पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइमिंग मैनेज कर लें। ऐसा करने से परीक्षा के समय पर एकदम से बोझ दिमाग पर नहीं आएगा।



### ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में फिजिक्स के नॉलेज बेस प्रश्न

स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफलता के साथ ही अच्छे अंक हासिल करने हैं तो क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना चाहिए। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में फिजिक्स के नॉलेज बेस प्रश्न आते हैं। क्लास में नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम भी होता है। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफल होना है तो नियमित मॉक टेस्ट और सैंपल पेपर हल करना बहुत जरूरी है। 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए फिजिक्स विषय पर टिप्स देते हुए बताते हैं कि स्टूडेंट्स मॉक टेस्ट और मॉडल पेपर को हल करना शुरू करें। इसी के आधार पर हम बच्चों को फिजिक्स विषय के प्रश्नों, सूत्रों की प्रैक्टिस कराते हैं।

सिटी लाइव

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने जिले के 195 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए तत्पर है।


### कॅरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण पर मिला मार्गदर्शन

इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर एम राजीव ने विद्यार्थियों को कॅरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण तथा आने वाले भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में रायपुर जिले के 195 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही शासकीय एवं निजी विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सचिव एम आर खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रमुखजन उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ठंड बढ़ी तो बाड़े से बाहर निकला हिरणों का परिवार







**रायपुर।** जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है, नंदनवन के जीव-जंतुओं पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। दोपहर की गुनगुनी धूप में गर्माहट पाने के लिए हिरणों का झुंड अपने बाड़े से बाहर निकल आया। खुले में धूप सेंकते हुए ये नज़ारा न केवल मनमोहक था, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया। अब पर्यटक हिरणों को बेहद करीब से देख पा रहे हैं और इस दृश्य का आनंद ले रहे हैं।

● मकर संक्रांति पर ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक होगा पूजन, शाम को हजारों दीपों से मंदिर होगा रोशन

# सबरीमाला की तर्ज पर अयप्पा मंदिर में मनेगी मकर संक्रांति
# 41 दिनों का व्रत करने वाले ही चढ़ेंगे 18 पवित्र सीढ़ियां

केरल के प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर में जिस तरह धार्मिक परंपरा निभाई जाती है, उसी तर्ज पर राजधानी के टाटीबंध स्थित मंदिर में भी परंपराएं निभाई जाएंगी। 41 दिनों तक कठिन व्रत कर रहे श्रद्धालुओं को ही मंदिर की 18 पवित्र सीढ़ियां चढ़कर मंदिर में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा। श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा कठिन व्रत का समापन मकर संक्रांति के दिन होगा। इस भी भव्य रूप से यह पर्व मनाया जाएगा।



**रायपुर।** दीपों से मंदिर को सजाया जाएगा। पूजा संपन्न कराने विशेष रूप से केरल से विद्वान पुजारी आएंगे। मकर संक्राति के दिन सुबह 4.30 बजे से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। गणपति पूजा के पश्चात श्रद्धालु पवित्र सीढ़ियों से दर्शन करने जाएंगे। शाम 6.30 बजे दीप आराधना की जाएगी। हजारों ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। आरती के बाद प्रसादी वितरण होगा।





### साल में दो बार खुलती है पवित्र सीढ़ी

मंदिर की परंपरा के अनुसार श्रद्धालु आम दिनों में मंदिर के पीछे स्थित द्वार से होकर भगवान की पीठ के पीछे से परिक्रमा करके मुख्य गर्भगृह के सामने आकर दर्शन करते हैं। मकर संक्रांति पर 41 दिनों के व्रत का संकल्प लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए साल में दो बार मंदिर की पवित्र सीढ़ियों को खोला जाता है। इन सीढ़ियों से केवल व्रत करने वाले जाते हैं। पहली बार मंदिर में होने वाली मंगल पूजा पर और दूसरी बार मकर संक्रांति पर सीढ़ियां खुलती हैं। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के अलावा अन्य श्रद्धालु पीछे के द्वार से दर्शन करते हैं।

### व्रतधारी धारण करते हैं सिर पर पोटली

अयप्पा सेवा संघ के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर सुबह 4.30 बजे गणपति होम, अभिषेक, भागवत परायण और उषा पूजन संपन्न होगी। सुबह पल्लिकेट्टु के बाद 8.30 बजे श्रद्धालु पवित्र सीढ़ियां चढ़कर भगवान के श्रीविग्रह का दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं के सिर पर पोटली होगी, जिसे इरूमुड़ी कहा जाता है। इस पोटली में पूजन की सामग्री होती है। श्रद्धालु गर्भगृह पहुंचकर भगवान का घी से अभिषेक करेंगे। इसके बाद 10.30 से 11 बजे तक उच्च पूजा संपन्न की जाएगी। भगवान अयप्पा मंदिर में शाम को दीप आराधना की जाएगी। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर गर्भगृह, पूजा स्तंभ तक हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, भोग पूजा संपन्न की जाएगी। रात्रि 9.30 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### 18 सीढ़ियों का महत्व

ऐसी मान्यता है कि मंदिर की 18 सीढ़ियों में से पहली पांच सीढ़ी को मनुष्य की पांच इन्द्रियां कहा जाता है। इसके बाद की आठ सीढ़ियां आठ भावनाओं की प्रतीक हैं। अगली तीन सीढ़ियां मानव के तीन गुणों को दर्शाती हैं। आखिरी दो सीढ़ियां ज्ञान- अज्ञान का प्रतीक हैं। यह भी मान्यता है कि सनातन धर्म के 18 पुराणों, 18 शस्त्रों, 18 सिद्ध पुरुष, 18 देवता और 18 गुण से इन सीढ़ियों को जोड़ा जाता है।

धर्म लाइव

## प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव भरतमुनि सम्मान से होंगी अलंकृत



**रायपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान 2025 की घोषणा कर दी है। इस सम्मान के लिए लोककला के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की वेदमती शैली की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव का चयन किया गया है। यह सम्मान प्रभा यादव एवं दृश्य कला के अंतर्गत पुणे, महाराष्ट्र के चित्रकार चिंतामणि हसबनीस को उनकी कला साधना और अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 1 फरवरी को ठाणे में एक भव्य समारोह में दिया जाएगा। इन दोनों नामों की घोषणा करते हुए संस्कार भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अश्विन दलवी ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा दिया जाने वाला यह अखिल भारतीय भरतमुनि सम्मान भारत में पंचम वेद के नाम से विख्यात नाट्य शास्त्र के रचयिता महर्षि भरतमुनि को समर्पित है। ऐसे विशिष्ट कला साधकों को सम्मानित करते हुए हम गौरवान्वित हैं एवं इनकी समाजोन्मुखी कला साधना से अभिभूत भी हैं। इस पुरस्कार के लिए इन कलाकारों का चयन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना व पूर्व राज्यसभा सदस्य विदुषी सोनल मानसिंह पद्म विभूषण एवं संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजूनाथ की उपस्थिति में यह सम्मान गडकरी रंगायतन, ठाणे (महाराष्ट्र) में आयोजित समारोह में दिया जाएगा।

### प्रतिवर्ष दो कला विधाओं में सम्मान

इसमें सम्मान स्वरूप एक स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं 1,51,000 रुपए की राशि भेंट की जाएगी। उल्लेखनीय है कला जगत का यह सम्मान प्रतिवर्ष दो कला विधाओं में दिया जाता है।

## शुभ संयोग: 2026 में कम बजेगी शहनाई, पर प्रॉपर्टी और वाहन खरीदी के मिलेंगे सबसे ज्यादा मुहूर्त

इस साल प्रॉपर्टी खरीदी के 78 मुहूर्त, धनुर्मास अधिक मास सहित कई संयोग बन रहे



**रायपुर।** वर्ष 2026 में शुभ मुहूर्त सीमित रहेंगे। इस वर्ष के 10 महीनों में जहां वाहन खरीदी के 58 शुभ मुहूर्त रहेंगे, वहीं प्रॉपर्टी खरीदी-बिक्री के 78 मुहूर्त और गृह प्रवेश के 7 माह में 18 मुहूर्त रहेंगे। इधर, 8 महीनों में विवाह के कुल 33 मुहूर्त रहेंगे। ज्योतिषियों के अनुसार ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि 15 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक धनुर्मास होने से विवाह, गृह प्रवेश के मुहूर्त कम रहेंगे। इसी के साथ 15 दिसंबर से 2 फरवरी तक शुक्र का तारा अस्त होने की वजह से भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन मास होने से विवाह नहीं हो सकेंगे। 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिक मास होने से भी शहनाई नहीं बज सकेगी। 16 जुलाई से 8 अगस्त तक गुरु का तारा अस्त होने से विवाह नहीं हो सकेंगे। देवशयन काल भी रहेगा। 25 जुलाई से 20 नवंबर तक हरि शयनकाल होने से विवाह के मुहूर्त नहीं हैं। चार साल में एक बार आने वाले अधिक मास के कारण इस साल जून के बाद आने वाले तिथि-त्योहार भी पिछले साल की तुलना में 15-20 दिन देरी से आएंगे। 78 दिन प्रॉपर्टी क्रय-विक्रय के तो 18 दिन गृह प्रवेश के लिए शुभ।

### संपत्ति क्रय-विक्रय

जनवरी: 01, 02, 08, 15, 16, 22, 23, 29, 30
फरवरी: 12, 13, 19, 20, 26, 27
मार्च: 12, 13, 18, 21, 28
अप्रैल: 09, 10, 16, 17, 24, 25
मई: 01, 02, 07, 14
जून: 18, 19, 25, 26, 27
जुलाई 16, 17, 23, 24, 25
अगस्त 13, 14, 20, 21, 28
सितंबर : 04, 10, 11, 17, 18, 19, 25, 26
अक्टूबर : 01, 02, 03, 08, 16, 22, 23, 29, 30
नवंबर 12, 13, 14, 19, 20, 26, 27, 28
दिसंबर 10, 11, 12, 17, 18, 19, 24, 25

### गृह प्रवेश के मुहूर्त

फरवरी: 6, 7, 11, 20
अप्रैल: 20, 24
मई: 8, 14
जून: 24, 27

### वाहन खरीदी के मुहूर्त

फरवरी 6, 7, 9, 11, 12, 18, 21
मार्च: 5, 7, 9, 16, 21, 25
अप्रैल: 17, 18, 20, 23, 24
मई: 3, 4, 9, 10, 11, 14, 15
जून: 17, 22, 24, 27
जुलाई 2, 4, 9, 11, 12
अगस्त 17, 20, 22, 26, 28
सितंबर 4, 7, 13, 14, 17, 18, 23, 24
नवंबर 11, 12, 16, 25, 26, 28, 29
दिसंबर : 4, 5, 6, 14
जुलाई 1, 11
नवंबर : 25, 26
दिसंबर 3, 4, 5,12

### विवाह के शुद्ध मुहूर्त

फरवरी: 4, 5, 10, 13, 20, 21
मार्च: 9, 10, 11, 12
अप्रैल: 20, 21, 26
मई: 5, 6, 7, 8
जून: 19, 20, 23, 26, 27, 28
जुलाई: 6,7
नवंबर: 21, 24, 25, 26
दिसंबर 2, 3, 11, 12

## राष्ट्रीय संगोष्ठियां विद्यार्थियों और शोधार्थियों में शोध चेतना का विकास करती हैं




**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग की ओर आयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'छत्तीसगढ़ उपलब्धियां, चुनौतियां एवं भावी संभावनाएं' का समापन सत्र डॉ. टी. एल. वर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक (भूगोल) एवं प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व राजेश्री महंत राम सुंदर दास, दूधाधारी मठ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने प्रगति की है। पर्यावरण पर छत्तीसगढ़ की भूमिका अग्रणी रही है। समापन समारोह में महंत राजश्री रामसुंदर दास ने गूढ़ वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास का वर्णन कर सभी को अभिभूत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. किरण गजपाल ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय संगोष्ठियां विद्यार्थियों और शोधार्थियों में शोध चेतना का विकास करती हैं तथा समाज को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होती हैं।

### कास से जुड़े विविध पक्षों पर हुआ विमर्श

*द्वितीय दिवस के तकनीकी सत्र में डॉ. टी. सी. गुप्ता अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ने छत्तीसगढ़ के सामाजिक-आर्थिक विकास पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ. आर. ब्रह्मे, (प्राध्यापक, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) ने राज्य की आर्थिक संरचना, संसाधनों के सदुपयोग एवं भावी विकास संभावनाओं पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्रों के उपरांत विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शोध-पत्र प्रस्तुतीकरण किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, सामाजिक परिवर्तन एवं विकास से जुड़े विविध पक्षों पर विमर्श हुआ। डॉ. प्रीति कंसारा संयोजक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। डॉ. रितु मारवाह संयोजक ने स्वागत उद्बोधन दिया। डॉ. अनिता दीक्षित, डॉ. कीर्ति श्रीवास, डॉ. मुक्ता मल्होत्रा के साथ डॉ. नेहा दुबे, डॉ. भारती कुमेठी, डॉ. कार्तिक पटेल, मुस्कान श्रीवास्तव, वृंदावती तथा कौशल सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा ने किया।*

## सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज क्षेत्र की बैठक समाज के ब्रह्म प्रकाश भवन स्मृति नगर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के सभी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के महासचिव रामलखन मिश्र ने वर्तमान में समाज के भवन निर्माण के रेनोवेशन सहित अन्य गतिविधियों पर जानकारी दी। समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश 2026 का विमोचन अप्रैल में किया जाएगा। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवरण समाज से लिया जाएगा, जो कि समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। समाज द्वारा इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस कार्य में जुटा है। समाज के सभी वो सदस्य जो अपने बच्चों के विवाह की दिशा में प्रयासरत हैं वे जल्द से जल्द अपने बच्चों की जानकारी समाज के महासचिव या कार्यलय मंत्री दिनेश मिश्र को देने की बातें कही। प्रभुनाथ मिश्रा ने बताया कि 26 जनवरी के अवसर पर समाज के भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, जिसमें समाज के सदस्यों को उपस्थित रहने और समाज की सदस्यता को बढ़ाने पर जोर दिया।















## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 क्रिकेट में यति के नाबाद 78 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 02 जनवरी से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को इंदौर में केरल अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-15 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाए। केरल की शुरूआत अच्छी रही, प्रारंभिक बल्लेबाज इवाना शानी ने 38 रन बनाये तथा पहले विकेट के लिये 21 रन की साझेदारी की। लेक्षिदा जायन ने 26 रन तथा शिवानी ने नाबाद 13 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर-15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा केरल के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से पलक सिंह ने 2 विकेट, अभिलाषा बारा तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-15 की टीम ने 21.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा के रखा। यति शर्मा ने 60 गेंदों में 13 चौको की मदद से नाबाद 78 रन बनाये, साथ ही गीत डहरिया ने 21 रनों का योगदान दिया। केरल की ओर से आर्य नंदा ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी में अर्शवीर ने बनाए 73 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का प्री-क्वार्टर मैच (04-07 जनवरी) बड़ोदरा में असम अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन असम-अंडर 16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 50.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 124 रन बनाये।छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 29 रन तथा उज्जवल सिंह मरकाम ने 28 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त अरहम नाहर ने 15 रन बनाये। असम की ओर से नित्रिक राज ने 5 विकेट तथा प्रिंस बोरा ने 3 विकेट प्राप्त किये। असम ने अपनी पहली पारी में 153.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 406 रन बनाए। असम की ओर से अमन यादव ने सर्वाधिक 108 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सुरजित सैकिया ने 66 रन बनायें, निहाल बैश्य ने 54 रन तथा सुभाष विश्वास ने 51 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से अरहम नाहर तथा यर्थाथ सिंह चैहान ने 3-3 विकेट लिए। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 51.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 188 रन ही बनाए। छत्तीसगढ की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 73 रन तथा प्रतीक गंधर्व ने 36 रन बनाये। वहीं असम की ओर से नित्रिक राज ने तथा दिग्विजय ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। असम ने मैच एक पारी तथा 94 रनों से जीत लिया।

### विजय हजारे ट्रॉफी में रवि ने लिए 3 विकेट



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 का आयोजन पिछले माह 24 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच मंगलवार को जयपुर में महाराष्ट्र सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मैदान गीला होने के कारण मैच 31 ओवरों का खेला गया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 29 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 166 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से आयुश पांडे ने 49 रन बनाये। इनके अतिरिक्त विकल्प तिवारी ने 22 रन तथा अजय मंडल ने 19 रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र की ओर से प्रदीप दाधे तथा विक्की ओस्तवाल ने 3-3 विकेट लिये। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र 31 ओवरों में 8 विकेट खोकर केवल 160 रन ही बना पायी। महाराष्ट्र की ओर से अर्शिन कुलकर्णा ने 67 रन तथा सिद्धेश वीर ने 23 रन बनाये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ टीम की ओर से रवि किरण ने 3 विकेट प्राप्त किये वहीं अजय मंडल ने भी 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 6 रनों से जीत लिया।

### कुश्ती की लेवल वन कोच बनी संतोषी



**दुर्ग।** संतोषी चंद्राकर 200 कैंडिडेट के मध्य कुश्ती में लेवल वन कोचिंग कोर्स सफलता पूर्वक टॉप 10 स्थान हासिल करते हुए पूरा करने में कामयाब रही है। संतोषी ने यह स्थान भारत वर्ष के 200 कुश्ती कोच के बीच बनाया।

## मौसम के अनुकूल आपके शरीर का होना चाहिए व्यवहार

# सर्दियों की रात में भी आ रहा है पसीना तो हो जाएं सावधान, इन गंभीर बीमारियों का हो सकता है खतरा

ठंड के दिनों में असामान्य रूप से पसीना निकलना सेहत के लिए खतरे की घंटी की तरह है, जिसे आपको भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए पसीना निकलना बेहद जरूरी है, लेकिन वहीं बहुत अधिक पसीना आना सेहत के लिए ठीक नहीं है। खासकर बिना शारीरिक मेहनत या ठंड के दिनों में असामान्य रूप से पसीने का निकलना सेहत के लिए खतरे की घंटी की तरह है। जैसे कि अगर आप सर्द रातों में भी पसीने से सराबोर हो जाते हैं, तो ये आपके लिए हेल्थ अलर्ट हो सकता है।

असल में रात में अचानक पसीने का निकलना, एक नहीं कई सारी शारीरिक समस्याओं का संकेत हो सकता है। आपको बता दें कि रात के वक्त अचानक से पसीना आना जहां किसी तरह के शारीरिक परिवर्तन का संकेत हो सकता है तो वहीं यह कुछ घातक बीमारियों का लक्षण भी हो सकता है। इसलिए अगर आपके साथ कुछ ऐसा हो रहा है तो आपको इसकी वजह जरूर जाननी और समझनी चाहिए।

### दिल की बीमारियां

रात में सोते वक्त आपके कपड़े और चादर पसीने से सराबोर हो जाते हैं और इसकी



वजह से नींद खराब होती है तो आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। असल में रात में अचानक से पसीना आना और धड़कन बढ़ना, आपके दिल की खराब सेहत का स्पष्ट लक्षण हो सकता है। इसके लिए आपको अपना मेडिकल परिक्षण जरूर कराना चाहिए ताकि आप हार्ट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बच सकें।

### कैंसर की संभावना

रात में अचानक से पसीना आना, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आपको बता दें कि ब्रेस्ट कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और कॉर्सिनॉइड ट्यूमर होने की स्थिति में शरीर से अधिक पसीना निकलता है। वहीं ल्यूकेमिया जैसी ब्लड कैंसर की घातक स्थिति में भी व्यक्ति को रात में तेज पसीना निकलता है। इसलिए आपको इसे भूलकर भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### संक्रामक रोग



रोगों के संक्रमण के दौरान भी शरीर से अधिक पसीना निकलने के समस्या पेश आती है। दरअसल, संक्रमण काल में शरीर रोग से लड़ने की पूरी कोशिश करता है, जिसके चलते शरीर का तापमान बढ़ जाता है और ऐसे में बॉडी से तेजी से पसीना निकलता है। इसलिए अगर आप सर्दी-जुकाम जैसे आम संक्रमण से गुजर रहे हैं तो आप इसे हल्के में ले सकते हैं। पर अगर लंबे वक्त तक समस्या बनी रहे तो आपको ध्यान देना चाहिए कि कहीं आप किसी गंभीर संक्रामक बीमारी से ग्रसित तो नहीं हैं?

### लो ब्लड शुगर

लो ब्लड शुगर की स्थिति में भी अधिक पसीना




निकलने की समस्या होती है। इसलिए अगर बिना वजह रात में सोने के दौरान पसीना आ रहा है तो आपको अपना शुगर लेवल जरूर चेक कराना चाहिए। दरअसल, हाइपोग्लाइसीमिया यानि शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बहुत कम होने के कारण शरीर से तेजी से पसीना निकलता है। वहीं अगर समय पर इसका उपचार न मिलें तो पीड़ित व्यक्ति को बेहोशी और दौरे पड़ने की समस्या हो सकती है।

### मेनोपॉज के दौरान

महिलाओं में मेनोपॉज के दौरान शरीर से अधिक पसीना निकलने की समस्या आती है। दरअसल, मेनोपॉज के वक्त शरीर कई तरह के हार्मोनल बदलाव से गुजर रहा होता है, जिसके कारण शरीर से असामान्य रूप से पसीना निकलता है। इन सभी शारीरिक परिस्थितियों और बीमारियों के अलावा अधिक तनाव, स्मोकिंग, गलत खान-पान के कारण भी शरीर से अत्यधिक पसीना निकलता है।

# कपूर के साथ मिलाकर जलाएं किचन की ये 3 चीजें, आर्थिक तंगी में मिलेगी राहत

कपूर का इस्तेमाल पूजा-पाठ में विशेष रूप से किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि घर में कपूर जलाने से खुशहाली बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। कपूर एक ऐसी सामग्री है जिसे सकारात्मकता से जोड़ा जाता है और यह घर की किसी भी बुरी शक्ति को दूर करने में मदद करता है। वास्तु के अनुसार जब आप कपूर जलाते हैं तो इसका धुआं सभी देवी-देवताओं को आकर्षित करने में मदद करता है।

### कपूर के साथ लौंग जलाएं

घर में रात के समय यदि आप कपूर और लौंग एक साथ जलाती हैं तो यह घर के आस-पास की हवा को शुद्ध करने में मदद करता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करता है और कपूर की सुगंध मन और शरीर पर शांत प्रभाव डालती है। ऐसा माना जाता है कि कपूर वास्तु दोषों को दूर करने के लिए एक शुभ सामग्री है। कपूर और लौंग को एक साथ जलाने से आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश तो होता ही है और यदि आपका पैसा किसी गलत जगह पर फंसा हुआ है तो इसे बाहर निकालने में मदद मिलती है। अगर आपका धन बिना वजह खर्च होता है और आपको इसका कारण भी पता नहीं लग पा रहा है तो आप एक बर्तन में शाम के समय कपूर के साथ 5 लौंग जलाएं और कपूर की आरती करें। इससे आपके जीवन की समस्याएं दूर होती हैं। कपूर की सुगंध आस-पास की हवा को शुद्ध करती है जिससे मन, शरीर और आत्मा को शांति मिलती है। अगर आपके घर में किसी भी तरह के वास्तु दोष हैं तो आप कपूर के साथ 11 लौंग जलाएं, इससे दोषों से मुक्ति मिलती है और घर में खुशहाली आती है।



### कपूर के साथ तेजपत्ता मिलाकर जलाएं

वास्तु की मानें तो यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ते मिलाकर जलाते हैं तो यह बहुत शुभ वातावरण बनाने में मदद करता है। यदि आप किसी समस्या को भगाना चाहते हैं तो तेज में उस समस्या को लिखें और कपूर के साथ उसे जला दें, इससे समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ता जलाती हैं तो ये हवा में कई बैक्टीरिया को ख़त्म करके हवा को शुद्ध करता है और वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखने में मदद करता है। यदि आपकी शादी में समस्याएं आ रही हैं तो 5 तेज पत्ते कपूर के साथ जलाएं और अपनी मनोकामनाएं रखें। इससे जल्द ही आपकी मनोकामनाओं की पूर्ति हो सकती है। कपूर अपने शुद्धिकरण गुणों के लिए जाना जाता है और इसका उपयोग विभिन्न आध्यात्मिक और सफाई अनुष्ठानों के लिए किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि कपूर जलाने से आसपास की ऊर्जा शुद्ध होती है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होते हैं और इसे तेज पत्ते के साथ जलाने से अधिक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है।

# इन जायकों के बगैर अधूरा है लोहड़ी का त्योहार



लोहड़ी का त्योहार वैसे तो मुख्य रूप से पंजाब में मनाया जाता है, लेकिन अन्य राज्यों में भी इसकी धूम दिखाई देती है। लोहड़ी के दिन लोग पारंपरिक तरीके से तैयार होते हैं। जिस तरह से बिना खाने के हर त्योहार अधूरा होता है, ठीक उसी तरह से इस त्योहार में खाने का भी काफी महत्व होता है। इस साल 13 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी. अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर अपने घर मेहमानों को बुला रहीं हैं, तो उनके लिए पहले से ही कुछ पारंपरिक डिश तैयार कर सकती हैं। दरअसल, कुछ खाने के सामान ऐसे हैं, जिनके बिना लोहड़ी का त्योहार अधूरा सा लगेगा।

**गजकः** लोहड़ी का त्योहार गुड़, गजक के साथ मनाया जाता है। इन मिठाइयों के बिना लोहड़ी का असली स्वाद नहीं आता। ऐसे में पहले से ही त्योहार के लिए गजक तैयार करके रखें।

**तिल के लड्डू:**सर्दियों के मौसम में तिल खाने का रिवाज होता है। ऐसे में कोशिश करें कि पहले से ही त्योहार के लिए तिल के लड्डू तैयार करके रख लें। ताकि त्योहार वाले दिन आपको ज्यादा काम ना करना पड़े।

**मूंगफलीः** भूनी हुई गर्म मूंगफली खाने का सर्दी में अलग ही मजा होता है। ऐसे में मूंगफली को अपने परिवार के लिए पहले से तैयार करके रख लें, ताकि आप सर्दियों में इसका आनंद ले सकें।

**गुड़ का हलवा :** अगर कुछ स्वादिष्ट और ऐसा बनाने का सोच रहे हैं, जो हेल्दी भी हो तो आप गुड़ का हलवा तैयार कर सकते हैं। सर्दियों में गुड़ खाने से शरीर को काफी फायदा मिलता है। ऐसे में लोहड़ी के दिन घी, सूजी, गुड़ और ड्राई फ्रूट्स से बना यह हलवा एक परफेक्ट डेजर्ट साबित होगा।



### रात्रिक़ालीन कायस्थ प्रीमियर लीग में शानदार मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज की ओर से रात्रिक़ालीन प्रदेश स्तरीय कायस्थ प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन जारी है। जिसमें रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, बिलासपुर, बेमेतरा, कोटा, महासमुंद और डोंगरगढ़ की टीम सम्मिलित हो रही हैं।

शुक्रवार से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुँच चुकी हैं भानु इलेवन भिलाई और टाइटंस पहले ही सेमीफाइनल में पहुँच चुकी है। मंगलवार को पहला मैच टिंबरलैंड वॉरियर्स और चित्रांश सुपर किंग्स के बीच में खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सीएसके ने 111 रन छह विकेट के नुक़सान से निर्धारित दस ओवरों में बनाए। इसके जवाब में टिंबरलैंड वारियर्स की टीम सिर्फ़ 110 रन ही बना पाई। इस तरह सीएसके ने यह मैच 1 रन से जीत लिया। टीम के आदर्श को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। लेकिन रन रेट के आधार पर टिंबरलैंड वारियर्स सेमीफाइनल में पहुँचनेवाली तीसरी टीम बनी। उसके बाद दूसरा मैच द ब्रह्मा बॉयज़ और चित्रांश सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए द ब्रह्मा बॉयज ने निर्धारित दस ओवरों में 97 रन बनाए इसके जवाब में सीएसके की टीम मात्र 45 रन ही निर्धारित ओवरों में बना पाई और 52 रनों से मैच हार गई। विशु ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए चार विकेट लिए इसीलिए उन्हें मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रन रेट के आधार पर द ब्रह्मा बॉयज़ सेमीफाइनल में पहुँचने वाली चौथी टीम बनी।

समिति के द्वारा इस साल भी महिलाओं का टूर्नामेंट का



आयोजन स्वर्गीय आशा श्रीवास्तव स्मृति में किया गया है। जिसमें चार टीमों के बीच एक एक मैच खेला गया। जिसमें टीम जैस्मिन ने टीम मेरीगोल्ड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा टीम सनफ्लावर ने टीम ट्यूलिप को हराकर फाइनल में प्रवेश किया । दोनों ही टीमों के बीच फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा। सभी महिला प्लेयरों को स्वर्गीय श्रीमती आशा श्रीवास्तव जी की स्मृति में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

दोनों सेमीफाइनल मैच बुधवार 07 जनवरी को खेले जाएँगे और फाइनल गुरुवार 08 जनवरी को खेला जाएगा। इसके अलावा समाज के बच्चों जिनकी उम्र सात वर्ष से 15 वर्ष के बीच है, के लिए भी कायस्थ प्रीमियर लीग जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय सुदीप खरे की स्मृति में किया जा रहा है जिसमें टीम पृथ्वी ने टीम अग्नि को हराकर तथा टीम आकाश ने टीम वायु को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल गुरुवार 8 जनवरी को खेला जाएगा। सभी खिलाडियों को स्वर्गीय सुदीप खरे की स्मृति में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा आयोजन समिति की ओर से राहुल श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज युवा प्रकोष्ठ एवं अन्य सदस्यों ने समाज के सभी वरिष्ठ जनों महिलाओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभी खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के लिए निवेदन किया है।

इन मैचों में प्रतिदिन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित होकर सभी खिलाडियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से रज्जन श्रीवास्तव सरंक्षक छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज, प्रमोद खरे प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज, प्रदीप वर्मा, पी के वर्मा, दिवाकर सिन्हा, डॉ मनीष श्रीवास्तव, रायपुर जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अभिषेक सक्सेना, अमित वर्मा, विश्वासु श्रीवास्तव, वैदूर्य निगम, शुभम, रौनक़, महिला विंग से उषा रंजन श्रीवास्तव, अमृता श्रीवास्तव, मंगला श्रीवास्तव, छाया खरे, ज्योति खरे, डॉ सीमा श्रीवास्तव, सारिका वर्मा, अनुषा श्रीवास्तव और नेहा श्रीवास्तव, इत्यादि शामिल है।



## कार्नर न्यूज

## जिम जा रहे हैं तो सही तरीका भी जानिए

# मसल्स वाली बॉडी बनाने में काम आ सकते हैं कुछ सीक्रेट टिप्स, आजमाएंगे तो दिखने लगेगा बदलाव

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ अपनी बॉडी तो बनाना चाहते हैं लेकिन इसका सही तरीका नहीं जानते। इससे कई बार गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है



### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

### ज्यादा कार्डियो धीमी मसल्स ग्रोथ

कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना



भी सही नहीं है। ऐसा करने पर मसल्स ग्रोथ काफी धीमी हो जाती है। इसलिए अगर आप मसल्स ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं तो आपको एरोबिक एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देना होगा। कार्डियो एक्सरसाइज को हर हफ्ते 75 मिनट तक ही करें। 150 मिनट तक मॉडरेट एक्सरसाइज भी की जा सकती है।

### प्रोटीन का इंटेक

अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ाना है तो आपको कैलोरी और प्रोटीन की मात्रा खाने में बढ़ानी होगी। प्रोटीन मसल्स्स के डेवलेपमेंट में सबसे जरूरी होता है। प्रोटीन के बिना मसल्स का निर्माण नहीं हो पाता है। इसके साथ प्रोटीन मसल्स की मरम्मत में भी बड़ा रोल निभाता है। मांसपेशियों के सही निर्माण के लिए अपने वजन के प्रति किलो के हिसाब से कम से कम 2 ग्राम प्रोटीन का इंटेक करना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टिमोथी चालमेट बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा



'क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड' के 31वें संस्करण के विजेताओं का एलान 5 जनवरी को किया गया। इस दौरान कई फिल्मों और सीरीज के कलाकारों को सम्मानित किया गया। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया। इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है। एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट' में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।

### टॉलीवुड

## यश की 'टॉक्सिक' से सामने आया एक और लुक, इस किरदार में नजर आएंगी 'कांतारा चैप्टर 1' की हीरोइन



'केजीएफ' स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' से लगातार कास्ट के फर्स्ट लुक सामने आ रहे हैं। ताज्जुब की बात ये है कि फिल्म में मेल एक्टर के नाम पर अब तक सिर्फ यश का ही नाम और लुक सामने आया है। लेकिन फीमेल एक्ट्रेस में लगातार नए-नए नाम शामिल होते जा रहे हैं और उनके लुक सामने आ रहे हैं। कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और नयनतारा के बाद अब अभिनेत्री रुक्मणी वसंत का 'टॉक्सिक' से लुक सामने आया है। बाकी अभिनेत्रियों की तरह, रुक्मणी वसंत के लुक को भी यश ने इंट्रोड्यूस कराया है। अपने इंस्टाग्राम पर रुक्मणी वसंत के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा, 'मेलिसा के किरदार में रुक्मणी वसंत का टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में स्वागत है।' अपने पहले लुक में रुक्मणी वसंत बोल्ड अंदाज में इंटेस लुक में नजर आ रही हैं। स्टाइलिश हेयरस्टाइल और मॉडर्न ड्रेस में रुक्मणी हाथों में क्लच पर्स पकड़े नजर आ रही हैं। उनके इधर-उधर और लोग नजर आ रहे हैं। यह किसी पार्टी या क्लब का सीन नजर आ रहा है। रुक्मणी वसंत से पहले 'टॉक्सिक' से कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और नयनतारा का लुक सामने आ चुका है। हालांकि, अब तक मेल एक्टर्स में यश के अलावा अब तक किसी और का लुक सामने नहीं आया है और न ही किसी के बारे में कोई जानकारी सामने आई है। ऐसे में सिर्फ हीरोइनों के लुक सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फैंस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि 8 जनवरी को फिल्म का टीजर सामने आ सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

### भोजपुरी

## ' सीआईडी बहू' का पोस्टर रिलीज और 'सास बहू यमराज' की पहली झलक भी दिखी



भोजपुरी फिल्म एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे साल 2026 में दो नई फिल्मों से धमाका करने वाली हैं। इनका फर्स्ट लुक रिलीज हो चुका है। एक नाम ' सी आ ई डी बहू' है और दूसरी का नाम 'सास बहू यमराज' है। 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर 4 जनवरी को रिलीज है। साल 2026 में भोजपुरी सिनेमा में धमाल मचेगा और इसकी शुरुआत आम्रपाली दुबे ने कर दी है। उनकी दो नई फिल्मों की झलक सामने आई है, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया है। जहां एक तरफ आम्रपाली की फिल्म ' सीआईडी बहू' का पोस्टर रिलीज किया गया है, तो वहीं दूसरी ओर उनकी दूसरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया है। दोनों फिल्मों में क्या खास है और कौन नजर आएगा, सारी जानकारी बता रहे हैं: सबसे पहले बात ' सीआईडी बहू' की। इसके पोस्टर में आम्रपाली दुबे एक हाथ में बंदूक और दूसरे हाथ में लेंस के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना दिया है। इससे यह साफ हो गया है कि यह फिल्म रहस्य, एक्शन और पारिवारिक भावनाओं का दिलचस्प संगम पेश करने वाली है। ' सीआईडी बहू'में आम्रपाली दुबे एक अलग और दमदार अंदाज में नजर आने वाली हैं। 'सीआईडी बहू' को प्रेम राय ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को लेकर उन्होंने दावा किया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में अब तक बने पारंपरिक ढर्रे से बिल्कुल अलग और अनोखे कांसेप्ट पर आधारित है।

### टूटता बंधन

"जेंडर-फ्लूइड फैशन के साथ स्टीरियोटाइप तोड़ना नए साल 2026 का शगल बन रहा है। जेन जेड की जैकेट, स्टाइलिस्ट स्कर्ट और ईयर कफ फैशन की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। उस पर जैकेट, पैंट शीन कॉउचर, जूते, प्रिस्टीन लग्जरी और ज्वेलरी स्टाइलिस्ट का अपना रंग है। जाहिर है अब जेंडर आधारित कपड़े पहनना जेन जेड के लिए बंधन नहीं है।




## मुंहासे के भद्दे दाग को हल्का करेंगे देसी नुस्खे



बाजार मुंहासे के पुराने दाग-धब्बों को हल्का करने के लिए आपको बहुत सारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे,मगर आप फ्री में ही इसका इलाज कर सकती हैं और घर की रसोई में मौजूद चीजों से मुंहासों के दाग-धब्बों को हल्का कर सकती हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, इसलिए अगर आपकी स्किन में मुंहासों की दिक्कत है, तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से वह कम हो जाएगी। बाकि इसमें विटामिन-सी प्रचुर मात्रा में होता है, जो त्वचा में मौजूद दाग-धब्बों को हल्का करता है।

अच्छी बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण भी होते हैं, इसलिए त्वचा न तो ज्यादा ऑयली नजर आती है और ड्राई दिखती है। आप एलोवेरा जेल को गुलाब जल में मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। आलू भी एंटी-स्कार होता है। आप इसे चेहरे पर डायरेक्ट लगा सकती हैं या फिर इसे कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें और उसमें सेब का सिरका मिलाकर चेहरे पर लगा लें।

हां, आपकी त्वचा यदि ड्राई रहती है, तो आपको आलू के रस में थोड़ा शहद मिक्स कर लेना चाहिए। दोनों में ही ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं और यह मिश्रण आपकी त्वचा पर मौजूद दाग-धब्बों को दूर करेगा और ड्राई भी नहीं होने देगा। आलू के रस को चेहरे पर लगाकर आप 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ सकती हैं और फिर आप चेहरे को वॉश कर लें।

नींबू का रस कभी भी त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं।

एक्सपर्ट कहते हैं कि नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो त्वचा की ऊपरी परत को पील ऑफ कर देता है, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। यानि नींबू के रस का डायरेक्ट प्रयोग त्वचा से जुड़ी एक और समस्या को बढ़ा देगा। नींबू के रस को आप गुलाब जल, एलोवेरा जेल, शहद या फिर संतरे के रस में मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपके चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे हल्के पड़ जाएंगे और चेहरे पर एक अनोखी चमक भी आ जाएगी।

## विंटर में लॉन्ग कोट के साथ इन टिप्स की मदद से साड़ी करें स्टाइल









सर्दियों में साड़ी स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है लेकिन आप इन टिप्स की मदद से इन्हें वियर कर सकती हैं। साड़ी स्टाइल करना हर किसी को पसंद होता है लेकिन सर्दियों में इन्हें वियर करने में थोड़ी दिक्कत होती है। इसलिए ज्यादातर लड़कियां जींस स्वेटर और जैकेट वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहे तो साड़ी को लॉन्ग कोट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा। साथ ही आपको साड़ी वियर करने का भी मौका मिलेगा। चलिए जानते हैं कैसे वियर करें साड़ी लॉन्ग कोट के साथ।

### पल्ले को आगे की तरफ करें स्टाइल



अगर आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट वियर कर रही हैं तो इसके लिए आपको साड़ी के पल्ले को स्कर्फ की तरह स्टाइल करना है फिर इसके ऊपर कोट वियर करना है। इससे आपका गला भी ढका रहेगा साथ ही आप कम्फर्टेबल भी रहेंगी। इसके लिए सबसे पहले सिंपल प्लीट्स बनाएं। फिर पल्ले को कंधे पर सेट करें। अब इसे आगे की तरफ लाएं और फिर कोट के बटन लगाएं। ऐसे आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट को पहन सकती हैं।


### ओपन पल्लू के साथ स्टाइल करें कोट

अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहीं है और साड़ी वियर करने के बारे में सोच रही हैं तो ऐसे में आप ओपन पल्लू (सूट डिजाइन स्टाइल टिप्स) कर सकती हैं फिर कंधे पर अपने कोट को बस स्टाइल कर सकती हैं। ये आजकल का काफी लेटेस्ट ट्रेंड है जिसे फॉलो करना हर कोई पसंद करता है ये काफी स्टाइलिश लगता है।

### सिंपल तरीके से साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको कुछ समझ नहीं आ रहा तो इसके लिए आप पल्ले पर प्लीट्स बनाएं फिर इसे बेल्ट से सेट करें।


## नेल पॉलिश जाती है फैल तो रखें इन बातों का खास ख्याल



अक्सर हम नेल पॉलिश को उंगलियों पर 2 से 3 कोट में लगाना पसंद करते हैं। वहीं 1 से ज्यादा कोट लगाने के चक्कर में हम पहले लगाये हुए कोट को सूखने का समय ही नहीं देते हैं, जिसके कारण लगाया गया अगला कोट सही तरीके से नहीं लग पाता है। नेल पोलिश को फ्लॉलेस बनाने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम कोट में ही नेल पोलिश लगायें और अगर दूसरा कोट लगाने से पहले थोड़ा सूखने का इंतजार करें। ऐसा करने से आपके हाथों पर लगी नेल पोलिश फैलेगी नहीं। अगर आप बिगिनर हैं और ज्यादा अच्छी तरह से नेल पोलिश नहीं लगा पाते हैं तो आप क्यूटीक्लस और नाखून के आस-पास के जगह पर ग्लू लगा सकते हैं और फिर धीरे-धीरे नेल पोलिश लगा सकते हैं। नेल पोलिश को लगाने के बाद आप क्यूटीक्लस पर लगी हुई ग्लू को हटा सकते हैं। ऐसा करने से आपके हाथों की उंगलियों पर काफी क्लीन लुक मिलने में मदद मिलेगी। ज्यादातर हम नेल पोलिश को लगाकर बैठे रहते हैं कि कब वे सूख जाये और फैलने से बची रहे। बता दें कि इसके लिए आप अपने हाथों की उंगलियों को ठंडे पानी में डूबा सकती हैं। करीब 10 से 20 सेकंड तक ऐसा करने के 2 मिनट बाद नेल पोलिश पूरी तरह से सूख जाएगी। इसे आप सर्दी के मौसम में इस हैक को ट्राई कर सकती हैं।

## डिफरेंट लुक चाहती हैं तो पहनें ये इयर कफ इयररिंग्स, देखें लेटेस्ट डिजाइन





इयर कफ इयररिंग्स एक स्टाइलिश और ट्रेंडी एक्सेसरीज है जो आपके लुक को पूरी तरीके से चेंज कर देता है। इसे कान के आकार के हिसाब से तैयार किया जाता है ताकि जब आप इसे वियर करें तो पूरा कान अच्छे से कवर हो सके। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप अपनी पसंद और स्टाइल के हिसाब से इन्हें चूज कर सकती हैं। अगर आप कुछ डिफरेंट और हटके लुक चाहती हैं तो लेटेस्ट डिजाइंस को मार्केट से खरीद भी सकती हैं। चलिए जानते हैं कौन से डिजाइंस आजकल ट्रेंड में हैं।

### फूलों के डिजाइन का इयर कफ

इस इयर कफ इयररिंग्स में फूल का डिजाइन होता है। किसी में छोटे फूल बने हुए होते हैं तो किसी में छोटे फूलों को बनाया जाता है। ये दिखने में काफी सुंदर होते हैं और आकर्षक लगते हैं। आप इसे किसी भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं ये काफी आकर्षक लगते हैं साथ कि इसके बाद आपको ज्यादा कुछ स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ती है। मार्केट से आप इस तरीके के इयररिंग्स 200 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।

### मल्टीकलर इयर कफ

अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो आप इस तरीके के सर्कुलर डिजाइन वाले इयर कफ को टाई कर (लेटेस्ट इयररिंग्स डिजाइन) सकती हैं। इसमें आपको हर लेयर पर डिफरेंट कलर मिलेंगे। जिससे ये अलग ही स्टाइल के लगेंगे। इस तरीके के इयर कफ फंकी लुक के लिए बेस्ट होते हैं और स्टाइलिश लगते हैं।

### पीकॉक शेप इयर कफ

आजकल पीकॉक डिजाइन काफी ट्रेंड में है इसलिए आप भी इस तरीके के इयर कफ को वियर कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### वक्त के साथ चलने जरूरी है कि हेयर स्टाइल पर भी ध्यान दें मेंस

## नए साल में अपनाएं लेटेस्ट हेयर स्टाइल दुनिया हो जाएगी आपकी अदा की दीवानी

स्टाइलिश हर कोई दिखना चाहता है। लेकिन स्टाइलिश दिखता वही है जो खुद को समय के साथ अपग्रेड करता रहता है। फिर चाहें वो पहनने वाले कपड़े हों या फिर स्टाइलिश शूज। लेकिन वक्त के साथ चलने के लिए सिर्फ कपड़े और जूतों पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। कपड़ों की शॉपिंग तो आप दोस्तों या पार्टनर के साथ जाकर भी कर लेते हैं। लेकिन सैलून में बाल कटवाने के लिए तो अकेले ही जाना पड़ता है। सैलून में जाकर हेयर स्टाइलिस्ट को सही ढंग से समझाना भी आना चाहिए कि आपको क्या चाहिए?

बहुत से लोग इसी डर से नई और ट्रेंडी मेंस हेयर स्टाइल को अपनाने से बचते हैं। लेकिन, क्या नई मेंस हेयरस्टाइल को अपनाना इतना मुश्किल है? बिल्कुल नहीं। नई हेयरस्टाइल को अपनाना भी आसान है और मेंटेन करना भी। बस थोड़ी समझ को बढ़ाना पड़ेगा। नई और ट्रेंडी मेंस हेयरस्टाइल के बारे में देश की जानी-मानी फैशन एंड ग्रूमिंग चेन लुक्स सैलून, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया (नोएडा) के सीनियर हेयर स्टाइलिस्ट आमिर बता रहे हैं।



### साइड स्वेप्ट वेवी हेयरस्टाइल्स

कुछ हेयर स्टाइल ऐसी भी हैं जो कभी ट्रेंड से आउट नहीं होती हैं। लगातार ट्रेंड में बनी रहने वाली इन हेयर स्टाइल में अंडर कट और फेड कट का नाम भी शामिल है। शायद यही कारण है कि, अपने से पहले वाली पीढ़ी भी इन स्टाइल को मेंटेन करती थी और लोग आज भी इसे मेंटेन करना पसंद करते हैं। हमारी नई हेयर स्टाइल इन दोनों ही स्टाइल का बेमिसाल कॉम्बो पेश करती है। इस हेयर स्टाइल का वेवी या लहराते बालों वाला टेक्स्चर लंबे चेहरे वाले लोगों के लिए बेस्ट है। ये उनके बालों में वॉल्यूम होने का अहसास भी देता है। बेहतर लुक्स के अलावा, ये हेयर स्टाइल बेहतर ऑप्शन भी देती है। अगर आप इस हेयर स्टाइल में बालों को साइड में मोड़ना चाहें तो मोड़ सकते हैं। वही अगर आप बालों को पीछे की तरफ ले जाना चाहते हैं तो भी ले जा सकते हैं। ये पूरी तरह से आपका फैसला है।

### फेडेड पोंपाडोर

पोंपाडोर हेयर स्टाइल को ये नाम एक फ्रेंच महिला 'मादाम डी पोंपाडोर' के नाम पर मिला है। वह फ्रांस के राजा लुईस 15वें के काल की एक फैशनेबल महिला थी। इस स्टाइल का इजाद भी उन्होंने ही किया था। सबसे पहले इस स्टाइल को महिलाओं का फैशन स्टेटमेंट माना जाता था।



लेकिन एल्विस प्रिस्ले ने आकर इसे दुनिया में मकबूलियत दी और शोहरत की नई बुलंदियों तक पहुंचाया। पोंपाडोर हेयर स्टाइल का मूल आइडिया चेहरे के सामने के बालों को ऊपर की तरफ उठाने और पीछे से सहारा देकर आगे उठे हुए बाल पाने का है।

इस हेयर स्टाइल में साइड और पीछे के बालों को शॉर्ट भी रखा जा सकता है। ये हेयर स्टाइल शॉर्ट हाइट वालों के लिए भी बेस्ट हो सकती है।